
UPHIN/2011/39718

(डिजिटल संस्करण)

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-151 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) बुधवार 13 मई 2026 | youngbharatE-paper.com

## सनातन ने न कभी किसी को गुलाम बनाया, न जबरन धर्मांतरण कराया; बागपत में बोले सीएम योगी





( यंग भारत न्यूज )

**मेरठ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को बागपत जिले के भगवानपुर नांगल गांव स्थित श्री शिव गोरखनाथ आश्रम में नवनाथ मूर्तियों के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में सीएम योगी ने सनातन पर बड़ा बयान दिया। इससे पहले वाराणसी के कार्यक्रम में भी सीएम योगी ने सनातन को मिटाने का ख्वाब देखने वालों के मिट्टी में मिलने की बात कही थी। बागपत में सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म ने कभी भी किसी को गुलाम नहीं बनाया। हम किसी का जबरन धर्म परिवर्तन भी नहीं कराते हैं। लेकिन, अगर कोई हमारी तरफ गलत नजर से देखता है तो उन्हें इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम के दौरान ऐतिहासिक घटनाओं का जिक्र किया। देश की सांस्कृतिक धरोहर और सनातन धर्म की उदारता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, पोखरण परमाणु परीक्षण और बागपत की पौराणिक महत्वता को रेखांकित किया। सीएम योगी ने कहा कि यह धरती विकास और गौरव की प्रतीक है। योगी आदित्यनाथ ने सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और विदेशी आक्रमण का जिक्र करते हुए कहा कि आज ही के दिन 1951 में सोमनाथ महादेव मंदिर में फिर से प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम हुआ था। सीएम योगी ने विदेशी आक्रांता मोहम्मद गजनवी के मंदिर को नष्ट किए जाने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि सनातन धर्म ने कभी किसी पर जबरन आधिपत्य स्थापित नहीं किया, न गुलाम बनाया और न ही जबरन धर्मांतरण कराया। अगर कोई धर्म पर हमला करेगा तब मुंहतोड़ जवाब देंगे। सीएम योगी ने अयोध्या राम मंदिर का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हम अयोध्या के लिए लगातार लड़ते रहे, जिसका परिणाम सामने है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। सीएम योगी ने ऐतिहासिक घटना का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन पोखरण में परमाणु परीक्षण हुआ था। उन्होंने इसे भारत की वैज्ञानिक क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसे अवसर देश को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। आज सभी आक्रांता मिट्टी में मिल गए हैं। उनके परिवार का पता नहीं है। बागपत जिले को लेकर सीएम योगी ने कहा कि बागपत हमारी प्रौणाणिक स्थली है। महाभारत कालीन इसका इतिहास है। भगवान कृष्ण ने जो 5 गांव कौरवों से मांगे थे पांडवों के लिए उसमें से बागपत एक था। जाट समाज के बारे में कहा कि जाट भी पढ़ा लिखा होकर मुंबई पुलिस का कमिश्नर बन जाए, वह डॉ. सत्यपाल सिंह यहीं से निकले थे। आज इसी धरा से निकले चौधरी जयंत सिंह का नेतृत्व केंद्र और राज्य सरकार के साथ मिलकर विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इसमें विरासत भी है और विकास भी है। दोनों एक साथ चल रहे हैं। सीएम ने कहा कि बागपत में पहले भर्तियां नहीं होती थी। आज बिना भेदभाव के युवा भर्ती हो रहे हैं। बेटियां भी शामिल हो रही हैं। आज प्रदेश में बेटी भी सुरक्षित है और व्यापारी भी। यहां निवेश आ रहा है। सीएम अपने संबोधन के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की। उसके बाद भंडारे में शामिल हुए। बताया जाता है कि बागपत के श्री शिव गोरखनाथ आश्रम में लगभग 400 साल पहले बाबा छोटे नाथ और बाबा लिच्छी नाथ ने तपस्या के बाद समाधि ले ली थी। अब आश्रम बना है। आश्रम में शिव मंदिर, माता मंदिर, हनुमान मंदिर,भैरव मंदिर ,शनि देव मंदिर, नवनाथ मंदिर और गोरखनाथ मंदिर जैसे स्थल हैं। बाबा छोटे नाथ और बाबा लिच्छी नाथ की समाधियों पर भक्तों को दर्शन से शांति मिलती हैं। नाथ संप्रदाय की परंपरा को जीवंत रखते हुए यह आश्रम योग, ध्यान और भजन-कीर्तन का केंद्र बना हुआ है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने वर्ष 2022 में 6.1689 करोड़ रुपये से इसका सौंदर्यीकरण कार्य कराया है। वर्ष 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आश्रम दर्शन करने आए थे।

## अब बहुत हो गया सपा को वोट देते हुए...`, मौलाना शहाबुद्दीन ने मुसलमानों को दिया बड़ा संदेश

( यंग भारत न्यूज )



प्रदेश में होने वाले साल 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने मुस्लिमों को खास संदेश दिया. मौलाना रजवी ने कहा कि आज मैं अपनी कौम से कुछ खास कहना चाहता हूं.

मेरी कौम के लोगों 2027 का जो चुनाव है वह मुसलमानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं. अब बहुत हो गया समाजवादी पार्टी को वोट देते हुए, चाहे लोकसभा चुनाव हों या विधानसभा चुनाव, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव हमेशा मुसलमानों को भारतीय जनता पार्टी की तस्वीर दिखाकर डराने की कोशिश करते हैं. मौलाना रजवी ने कहा कि सपा के लोग गली-गली मुस्लिम मुहल्लों, गांवों में जाते कि अगर सपा को वोट नहीं दिया तो बीजेपी तुम्हें खा जाएगी. बीजेपी तुम पर जुल्म करेगी. सपा के लोग बीजेपी का खौफ, डर और भय दिखाकर वोट हासिल करते हैं. दूसरी तरफ उनको मुस्लिमों के मुद्दों में कोई दिलचस्पी नहीं हैं और वह बीजेपी के लोगों के साथ दोस्ती करते हैं. खाते पीते हैं. उठते हैं, बैठते हैं खाना खाते हैं, उसकी सैंकड़ों मिसालें. मेरे कौम के लोगों सपा नेता दिवंगत मुलायम सिंह यादव ने कहा था कि वह पीएम मोदी को तीसरी बार भी प्रधानमंत्री बनते देखना चाहते हैं, दुआ की थी. उन्होंने कहा कि जब योगी आदित्यनाथ पहली बार गोरखपुर से लखनऊ बतौर मुख्यमंत्री आए तो अखिलेश यादव ने उनसे मुलाकात की और शुभकामनाएं दीं. उनसे कहा कि जब आपका घर तैयार नहीं हो जाता है तब तक आप मेरे घर में चलिए, मेरे घर रहिए. मेरे कौम के लोगों आपने तो नोएडा की तस्वीरें देखीं होंगी कि वहां बीजेपी के नेताओं के साथ सपा के नेता हैं, हंस रहे हैं खाना खा रहे हैं. मैं बताना चाहता हूं कि सपा चीफ अखिलेश यादव के दो चेहरे हैं, वह खुद बीजेपी के साथ दोस्ती किए हुए हैं और दूसरी ओर मुस्लिमों में खौफ पैदा कर रहे हैं. मेरे कौम के लोगों 2027 का चुनाव बहुत अहम है. इसमें आपको सपा के अलावा किसी विकल्प को तलाश करना होगा और उस विकल्प को मजबूत करना होगा, तब मसले हल होंगे.

## सुर्खियां.............

### ट्यूशन पढ़ने गई नाबालिग छात्रा के साथ शिक्षक ने की अश्लील हरकत, किया दुष्कर्म का प्रयास

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** ट्यूशन पढ़ने गई नाबालिग छात्रा को कमरे में बंद कर उसके साथ ट्यूशन पडा रहे सर द्वारा अश्लील हरकत करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया गया कि सर ने उसको अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाए और उसके साथ अश्लील हरकत कर उसके कपडे उतारने का प्रयास किया। पीड़िता के पिता ने सर के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### घर में शराब पार्टी के बीच हुई मारपीट, महिला की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । छत्तीसगढ़ से बहिन के यहां आए दंपत्ति ने शराब पार्टी की। शराब पार्टी के बाद हुए विवाद में उनके बीच हाथापाई भी हो गई। इसी दौरान कथित तौर पर गिरने से भाई की पत्नी की मृत्यु हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा करौंदी में चंद्रकली (55) रहती है।

### नाली व दरवाजे के विवाद को लेकर पड़ोसी महिला को धमकाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई**। नाली व दरवाजे के विवाद को लेकर पड़ोसी महिला को धमकाता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी सरोज देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी समरजीत के साथ उनकी पत्नी राजेश कुमारी व बेटे अनुज उनके साथ नाली व दरवाजे को लेकर आए दिन झगड़ा करते हैं।

## साइको किलर रिटायर्ड फौजी एनकाउंटर में हुआ ढेर

### 26 घंटे में 3 लोगों की गोली मार ली थी जान

( यंग भारत न्यूज )



**वाराणसी:** यूपी के चंदौली स्थित एक निजी अस्पताल में महिला की हत्या कर भाग रहे रिटायर्ड फौजी को वहां के कर्मचारियों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। 50 वर्षीय गुरप्रीत के हावभाव सामान्य नहीं थे। शुरुआती पूछताछ में पता चला कि ट्रेन में हुई दो हत्याएं भी उसी ने की थीं। इतना ही नहीं, सीन रिक्रिएशन के दौरान उसने पुलिस पर भी हमला किया और भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में उसकी मौत हो गई। एनकाउंटर में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए है।

सीओ अरुण सिंह ने बताया कि गुरप्रीत अस्पताल में लक्ष्मीना देवी की हत्या करके मौके से भाग रहा था। कर्मचारियों व अन्य लोगों ने उसे दबोच लिया। गुरप्रीत सिंह उर्फ वीरेंद्र की मानसिक हालत ठीक नहीं लग रही थी। पूछताछ में गुरप्रीत ने तीनों हत्याओं की बात कबूल ली। तीनों वारदात उसने 10-11 किलोमीटर के दायरे में की थीं। तीनों लोगों को कनपटी पर गन सटाकर गोली मारी गई थी। हालांकि, उसने ऐसा क्यों किया, यह साफ नहीं हो सका। गुरप्रीत अमृतसर का रहने वाला था। आरा में वह कुछ दिनों पहले तक गार्ड की नौकरी करता था। उसके कब्जे से दो पिस्टल बरामद हुई हैं, जिनमें एक लाइसेंसी और दूसरी अवैध है। अस्पताल में गोली चलने के बाद वहां मरीजों और तीमारदारों के बीच अफरातफरी मच गई। हमलावर ने भागने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने हिम्मत कर उसको पकड़ लिया। गुरप्रीत को लोगों ने जमकर धुना और उसे पुलिस को सौंप दिया।

## नीट एग्जाम रद्द-बिहार में 60 लाख में हुई थी डील



**नालंदा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने 3 मई को हुई नीट 2026 परीक्षा रद्द कर दी है। परीक्षा की नई डेट्स जल्द जारी की जाएंगी। एनटीए ने कहा है कि केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद परीक्षा रद्द की गई है। बिहार में नीट परीक्षा में सॉल्वर गैंग एक्टिव थी। 60 लाख रुपए में एक सीट की डील हुई थी। एग्जाम से ठीक पहले पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा किया था। इसका मास्टरमाइंड एक एमबीबीएस स्टूडेंट था। नालंदा पुलिस ने गिरोह के 7 लोगों को गिरफ्तार किया था।

2 मई की रात नालंदा की पावापुरी थाना पुलिस ने गाड़ी चेकिंग के दौरान दो लग्जरी गाड़ियों (स्कॉर्पियो-ठ और ब्रेजा) से तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें मुख्य आरोपी विम्स मेडिकल कॉलेज का एमबीबीएस छात्र अवधेश कुमार है। उसके मोबाइल की जांच में कई अहम सुराग मिले, जिसके बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। नीट परीक्षा में सॉल्वर बैठाकर पास कराने वाले संगठित गिरोह के 3 लोग अरेस्ट हुए थे। इस मामले में पहले गिरफ्तार सरगना की निशानदेही पर पुलिस ने मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों में छापेमारी कर 4 और आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अब तक इस मामले में कुल 7 बदमाशों को पकड़कर जेल भेजा जा चुका है। पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह नीट परीक्षा पास कराने के लिए एक कैंडिडेट से 50 से 60 लाख रुपए तक वसूलता था। इसमें से 1.5 से 2 लाख रुपए एडवांस के तौर पर पहले ही ले लिए जाते थे। इसके बाद परीक्षा केंद्र पर असली कैंडिडेट की जगह सॉल्वर बैठाने की तैयारी की जाती थी। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया, '2 मई की शाम में पावापुरी मोड़ के पास चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध गाड़ियां भागने लगीं, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। स्कॉर्पियो चला रहे युवक की पहचान अवधेश कुमार (31) के रूप में हुई, जो विम्स कॉलेज में एमबीबीएस सेकेंड ईयर का छात्र है।

## मशीन से खुलने वाला दरवाजा, 17 सीसीटीवी कैमरे और किलेनुमा घर, दिल्ली की ड्रग क्वीन का साम्राज्य देखकर सब हैरान



(प्रधान सम्पादक की कलम से)

( यंग भारत न्यूज )

**दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में ड्रग सिंडिकेट चलाने वाली 54 साल की लेडी डॉन कुसुम को दिल्ली पुलिस ने 9 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। जिस हालात में कुसुम अरेस्ट हुई, वो हैरान करने वाली थी। उसे सुल्तानपुरी के जिस घर से पकड़ा गया, वह जेलनुमा किले की तरह था। लंबे समय तक फरार रहकर नशे का नेटवर्क चला रही कुसुम को गिरफ्तार करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। कुसुम एक घोषित क्रिमिनल है। एमसीओसीए जैसे कानून में मुख्य आरोपी है। पिछले साल उसे भगोड़ा घोषित किया गया था। गिरफ्तारी पर 50,000 रुपये के इनाम का ऐलान था।

हैरान करने वाली एक बात यह भी है कि कुसुम अपने घर से ही काम करती थी। उसका ठिकाना ऐसी जगह था, जहां आपस में 4 मकान जुड़े हुए थे, जिनमें मशीनी दरवाजे, हर जगह सीसीटीवी कैमरे और निगरानी के लिए लोग मौजूद थे। डीसीपी (शाहदरा) राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि पुलिस की एक टीम ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का विश्लेषण किया और 100 से ज्यादा मोबाइल फोन रिकॉर्ड की जांच की।

### 4 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

मार्च में आउटर डिस्ट्रिक्ट पुलिस की एक टीम ने जब छापा मारा तो कुसुम भाग निकलने में कामयाब रही। उसके बेटे को, जो कथित तौर पर इस नेटवर्क के रोजमर्रा के कामकाज को संभालता था, गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि लगभग 4 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है, जिसमें 8 ऐसी प्रॉपर्टीज भी शामिल हैं, जिन्हें कथित तौर पर ड्रग्स की तस्करी से कमाए गए पैसों से खरीदा गया था।

### फोन इस्तेमाल नहीं करती थी कुसुम

डीसीपी ने बताया कि कुसुम की गिरफ्तारी के लिए 3 राज्यों के कई ठिकानों पर छापे मारे गए। एक खास जानकारी के आधार पर आनंद विहार के पास एक जाल बिछाया गया। कुसुम ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे काबू पकड़ लिया गया। पकड़े जाने से बचने के लिए कुसुम ने जान-बूझकर स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं किया और बार-बार अपने बेसिक मोबाइल फोन, सिम कार्ड और ठिकाने बदलती रही, जिससे वह पूरी तरह से 'ऑफ द ग्रिड' (नजर से ओझल) रही।

### दीवारें तोड़कर 4 घरों को जोड़ दिया

हमारे सहयोगी अखबार टीओआई ने पिछले साल सबसे पहले कुसुम के इस ऑपरेशन के पैमाने और उसकी बारीकियों के बारे में रिपोर्ट किया था। यह रिपोर्ट मार्च में उसके सुल्तानपुरी स्थित घर पर हुई एक रेड के बाद आई थी। बाहर से देखने पर, वह जगह चार अलग-अलग साधारण घरों जैसी लगती थी। लेकिन अंदर से, बीच की दीवारों को तोड़कर आपस में जुड़ा हुआ एक ढांचा बना दिया गया था, जो एक विशाल घर जैसा दिखता था। हर दरवाजे और खिड़की को भारी स्टील की सलाखों से मजबूत बनाया गया था। यह लगभग जेल जैसी बनावट थी।

### पहरेदारी के लिए खड़े किए थे लड़के

कुसुम के ठिकाने में मशीनों से चलने वाले दरवाजे लगाए गए थे और 17 सीसीटीवी कैमरों से चौबीसों घंटे निगरानी की जाती थी। गली के आने-जाने के रास्तों पर लड़कों को पहरेदार के तौर पर तैनात किया गया था, ताकी पुलिस की जरा सी भी हलचल होने पर वे अंदर मौजूद लोगों को तुरंत आगाह कर सकें।

### दोनों बेटियों पर लगाया गया एमसीओसीए

*पैसों के लेन-देन की जांच करते हुए अधिकारी उसकी दो बेटियों- अनुराधा उर्फ चीकू और दीपा तक पहुंच गए। इन दोनों पर आरोप है कि उन्होंने 18 महीनों के दौरान कई बैंक खातों में दर्जनों छोटे-छोटे लेन-देन के जरिए लगभग 2 करोड़ रुपये जमा किए। इसमें से 70 लाख रुपये तो सिर्फ 6 महीनों में ही जमा किए गए थे। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसके बाद दोनों बहनों पर एमसीओसीए लगा दिया गया।*

### इस तर भेजते थे ड्रग्स के पैकेट

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि डिलीवरी का यह तरीका वैसा ही था, जैसा ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले लोग रस्सियों का इस्तेमाल करके टिफिन या किराने का सामान आपस में बदलते हैं। बस फर्क इतना था कि यहां हेरोइन के पैकेट या गोलियां नीचे भेजी जा रही थीं।

# छोटी छोटी बातों से प्राण त्याग रहे हैं लोग, जीवन से ज्यादा मौत को दे रहे महत्व

- जालौन जनपद में दो अलग अलग आत्महत्याओं से पसर गया मातम
- कुआं खेड़ा के युवक ने सूरत में तथा सिरसा कलार में युवा शिक्षिका ने लगाई फांसी


( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** जनपद में मंगलवार को आत्महत्या की दो अलग-अलग घटनाओं ने लोगों को झकझोर दिया। एक ओर कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा निवासी युवक ने गुजरात के सूरत में फांसी लगाकर जान दे दी, वहीं दूसरी ओर सिरसा कलार क्षेत्र के लहर कनार गांव की एक महिला शिक्षिका ने पति के कथित अवैध संबंधों के शक में आत्महत्या कर ली। दोनों घटनाओं के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा निवासी विनोद साहू का परिवार लंबे समय से गुजरात के सूरत शहर में नारियल पानी का व्यवसाय करता है। उनका 20 वर्षीय बेटा चमन साहू अपने भाई अमन के साथ इस कारोबार में पिता का सहयोग करता था। बताया गया कि परिवार में चचेरी बहन की शादी 7 मई को होनी थी, जिसके चलते माता-पिता और भाई गांव आए हुए थे। कारोबार और घर की देखरेख के लिए चमन को सूरत में अकेला छोड़ा गया था। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में चमन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। मंगलवार को एम्बुलेंस से युवक का शव पैतृक गांव पहुंचा तो मां-बाप और अन्य परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं दूसरी घटना सिरसा कलार क्षेत्र के लहर कनार गांव की है। यहां 35 वर्षीय रेखा, जो सिरसा कलार के एक कॉलेज में शिक्षिका थीं, ने मंगलवार दोपहर अपने घर की दूसरी मंजिल पर कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उनके पति का गांव में दूध डेयरी का व्यवसाय है और कथित अवैध संबंधों को लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। मंगलवार दोपहर करीब एक बजे रेखा ने यह कदम उठा लिया। मृतका अपने पीछे दो बेटियां और तीन वर्षीय पुत्र छोड़ गई हैं। घटना की सूचना पर सिरसा कलार थाना प्रभारी वरुण प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। उक्त घटनाओं के अलावा भी बीते समय मे जनपद में खुदकुशी की घट चुकी हैं अनेकों घटनाएं

# हादसा-बस को पीछे करबाते समय कंडक्टर की कुचलकर मौत

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** कोतवाली क्षेत्र में बस स्टैंड पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बस कंडक्टर की मौत हो गई। हादसा बस स्टैंड पर उस समय हुआ जब दिल्ली से लौटी स्लीपर बस को पीछे करा रहे कंडक्टर दो बसों के बीच फंस गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान योगेश उम्र 48 वर्ष पुत्र रामशंकर, निवासी समरपुरा, जनपद इटावा के रूप में हुई है। योगेश प्रिंस ट्रेवल्स की स्लीपर बस में कंडक्टर के पद पर कार्यरत थे। बताया गया है कि मंगलवार सुबह दिल्ली से आई प्रिंस ट्रेवल्स की बस कोंच बस स्टैंड पहुंची थी। बस को बैक कराया जा रहा था और कंडक्टर योगेश पीछे खड़े होकर चालक को दिशा-निर्देश दे रहे थे। इसी दौरान वह पीछे खड़ी दूसरी बस को नहीं देख सके और अचानक दोनों बसों के बीच आ गए। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के तुरंत बाद बस चालक ने ट्रेवल्स स्टाफ को सूचना दी। आनन-फानन में घायल योगेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बस स्टैंड पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# जनगणना ड्यूटी में विसंगतियो को लेकर शिक्षको का विरोध

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने एसडीएम को सौपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** विकासखण्ड नदीगाँव में जनगणना 2027 की ड्यूटी को लेकर शिक्षकों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। मंगलवार दोपहर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की ब्लॉक इकाई नदीगाँव ने उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपकर ड्यूटी आदेशों में संशोधन की मांग उठाई।ज्ञापन खण्ड शिक्षा अधिकारी नदीगाँव के माध्यम से भेजा गया।



महासंघ का आरोप है कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में नदीगाँव ब्लॉक के कई शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की ड्यूटी कोंच ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्रों में लगा दी गई है, जबकि संबंधित क्षेत्रों में पहले से स्थानीय शिक्षक उपलब्ध हैं। संगठन ने इसे प्रशासनिक विसंगति बताते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से दूरस्थ क्षेत्रों में भेजे जाने से शिक्षकों को आवागमन, समय और पारिवारिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में विशेष रूप से गर्भवती अध्यापिकाओं, दिव्यांग शिक्षकों, गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों और 55 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। महासंघ ने मांग की है कि ऐसे कर्मचारियों को राहत देते हुए उनकी ड्यूटी निकटवर्ती क्षेत्रों में लगाई जाए अथवा नियमानुसार छूट प्रदान की जाए।संगठन पदाधिकारियों का कहना है कि वर्तमान आदेशों से महिला शिक्षिकाओं और वरिष्ठ कर्मचारियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कई शिक्षकों ने भी दूरस्थ क्षेत्रों में ड्यूटी लगाए जाने पर प्रशासन से पुनर्विचार की मांग की है।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने प्रशासन से सभी ड्यूटी आदेशों की निष्पक्ष समीक्षा कर संशोधन किए जाने की मांग की ताकि शिक्षकों को अनावश्यक परेशानियों से बचाया जा सके और जनगणना कार्य सुचारु रूप से संपन्न हो सके।महासंघ ने उम्मीद जताई कि प्रशासन शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लेते हुए जल्द उचित निर्णय लेगा।इस दौरान विनय मिश्रा, रामराजा सिंह जादौन, सर्वेश नायक, हरिसिंह, दशरथ सिंह, कुलदीप विश्वकर्मा, देवाशीष गोस्वामी, रियाज खान, रविशंकर, शरद अरूसिया और मनीष दुबे सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# 2 सरकारी केंद्रों में मात्र 15 हजार कुंटल हुई गेहूं की खरीद

## 30 मार्च से चल रहे गेहूं खरीद केंद्रों का एसडीएम ने निरीक्षण कर हिदायत दी

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी -उरई।** कृषकों को उनकी उपज का समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिए विभागीय एजेंसियों के द्वारा कालपी तहसील के अलग-अलग स्थानों मे सरकारी क्रय केंद्रों को स्थापना की गयी है। सरकारी केन्द्रों में निर्धारित 2585 रुपए प्रति कुंटल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है। अब तक कदौरा के दोनों केदो में 15 हजार 677 कुंतल सरकारी गेहूं की खरीद की जा चुकी है। मंगलवार को कालपी के एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने गल्ला मंडी तथा सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर गेहूं खरीद में गतिशीलता लाने के निर्देश दिये गये हैं।

मंगलवार को उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह कृषि उत्पादन मंडी समिति कदौरा में पहुंच कर परिसर में सहकारी संघ के सरकारी गेहूं के केंद्र का निरीक्षण किया।अभी तक केंद्र में 5353 कुंतल की खरीद हो चुकी है तथा 3484 कुंटल गेहूं का उठान हो चुका है। इसी प्रकार बिपणन शाखा क्रय केंद्र की केंद्र में 10 हजार 3 सौ कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। तथ 5 हजार कुंतल गेहूं का उठान हो चुका है। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया है कि खरीदे गये गेहूं का उठान जल्द करें। तथा क्रमबद्ध तरीके से तौल कराये। उन्होंने किसानों से भी संवाद स्थापित किया। मंडी समिति के परिसर का भ्रमण कर एसडीएम ने सचिव को निर्देश दिए कि परिसर में स्वच्छता बनाए रखी जाये इसमें किसी प्रकार की उदासीनता न बरती जाए।

# सरसई में एसडीएम की अध्यक्षता में जन चौपाल का हुआ आयोजन

( यंग भारत न्यूज )




**कालपी-उरई।** मंगलवार को एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक महेबा के सरसई गांव मे जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना तथा शासन की योजनाओं की भी जानकारी दी।

सरकार आपके द्वार के तहत गाँव चौपाल में एसडीओ पंचायत हरेंद्र सिंह सेंगर की मौजूदगी में एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने राशन वितरण व्यवस्था के साथ विधवा व बृद्धा पेंशन के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय सहित अन्य विकास योजनाओं की जानकारी ली और उनका मौके पर सत्यापन भी किया। इस दौरान उन्होंने शादी अनुदान। फार्मर ,रजिस्ट्री, विरासत, किसान सम्मान निधि शिक्षण व्यवस्था, आंगनवाड़ी सहित अन्य योजनाओं की हकीकत परखी तथा जनता को इन योजनाओं के बारे में विस्तार जानकारी भी दी। जन चौपाल में एडीओ ग्राम्य विकास प्रमोद स्वर्णकार, सचिव वंदना वर्मा, प्रधान राजेश कुमार के अलावा भारी संख्या में ग्रामवासियों ने सहभागिता की।

# उपला घर में लगी आग से मचा हड़कंप,मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम जुझारपुरा में मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब गांव की गौशाला के पास रखे उपलो में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बड़ी मात्रा में घर में रखे उपले जलकर राख हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का कार्य शुरू किया। फायर ब्रिगेड प्रभारी लाखन सिंह के नेतृत्व में टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया।ग्रामीणों के अनुसार, गौशाला के पास एक चिता जल रही थी, जिसकी चिंगारी उड़कर उपलो तक पहुंच गई और आग लग गई। आग लगते ही आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और ग्रामीणों ने बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास भी किया। बताया गया कि जिस स्थान पर आग लगी, उसके पास ही गौशाला में गायों के लिए बड़ी मात्रा में भूसा रखा हुआ था। यदि आग भूसे तक पहुंच जाती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी और गौशाला में मौजूद पशुओं को भी खतरा हो सकता था। हालांकि फायर ब्रिगेड की तत्परता से बड़ा नुकसान होने से बच गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गौशाला और आसपास ज्वलनशील सामग्री के पास सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# नाली व दरवाजे के विवाद को लेकर पड़ोसी महिला को धमकाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नाली व दरवाजे के विवाद को लेकर पड़ोसी महिला को धमकाता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवरी निवासी सरोज देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी समरजीत के साथ उनकी पत्नी राजेश कुमारी व बेटे अनुज उनके साथ नाली व दरवाजे को लेकर आए दिन झगड़ा करते हैं। नाली व दरवाजे को लेकर मंगलवार की सुबह गाली, गलौज कर रहे थे। जब उन्होंने गाली देने से मना किया तो मारपीट पर आमादा हो गए और जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# ट्यूशन पढ़ने गई नाबालिग छात्रा के साथ शिक्षक ने की अश्लील हरकत, किया दुष्कर्म का प्रयास

( यंग भारत न्यूज )

- कमरे की कुंडी बंद कर अपने मोबाइल में दिखाए अश्लील वीडियो, कपड़े उतारने की कोशिश की
- नाबालिग ने ट्यूशन से भागकर घर पर मां को बताई पूरी घटना
- पुलिस ने किया संगीन धाराओ में मामला दर्ज

**कोंच** ट्यूशन पढ़ने गई नाबालिग छात्रा को कमरे में बंद कर उसके साथ ट्यूशन पडा रहे सर द्वारा अश्लील हरकत करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बताया गया कि सर ने उसको अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाए और उसके साथ अश्लील हरकत कर उसके कपडे उतारने का प्रयास किया। पीड़िता के पिता ने सर के खिलाफ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर के एक मुहल्ले की रहने वाली कक्षा आठ की बारह वर्षीय छात्रा प्रताप नगर में समीर अग्रवाल पुत्र रमेश चंद्र अग्रवाल के यहां रोज की तरह सोमवार की शाम पांच बजे ट्यूशन पढ़ने गई थी। छात्रा का आरोप है कि समीर सर ने कमरे की कुंडी बंद कर उसे अपने मोबाइल में अश्लील वीडियो दिखाकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा तथा कपडे उतारने लगा जिससे घबरा कर उसने चीख पुकार मचानी शुरू कर दी। इससे घबराकर समीर ने दरवाजे की कुंडी खोल दी। मौका पाकर वह वहां से भाग कर अपने घर पहुंची और अपनी मां को पूरी घटना बताई। छात्रा के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।घटना की जानकारी होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के यहां दबिश देकर उसे हिरासत में ले लिया है।पुलिस ने छात्रा के बयान दर्ज कर उसका डाक्टरी परीक्षण कराया।

# घर में शराब पार्टी के बीच हुई मारपीट, महिला की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** छत्तीसगढ़ से बहिन के यहां आए दंपत्ति ने शराब पार्टी की। शराब पार्टी के बाद हुए विवाद में उनके बीच हाथापाई भी हो गई। इसी दौरान कथित तौर पर गिरने से भाई की पत्नी की मृत्यु हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुदरा करौंदी में चंद्रकली (55) रहती है। उनके पति राजाराम की कुछ साल पहले मृत्यु हो चुकी है। उसके भाई सुशील कुशवाहा (48) व भाभी बबली (45) छत्तीसगढ़ के जिला मुगेली के थाना नोरमी क्षेत्र के बाजार पारा में रहते हैं। लगभग 10 दिन पूर्व सुशील अपनी पत्नी बबली के साथ बहिन के यहां आया था। ग्रामीणों की मानें तो चंद्रकली ने एक बैंक से लोन लिया था। जिसके बाद से आए दिन घर में शराब पार्टी हो रही थी। सोमवार की रात भी घर में शराब पार्टी हुई। जिसमें चंद्रकली समेत राजाराम व बबली ने भी शराब पी थी। शराब पार्टी के बाद रात करीब साढ़े 10 बजे उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद होने लगा। विवाद के बीच ही उनके बीच हाथापाई होने लगी। इसी दौरान बबली की मौत हो गई। बबली की मौत की सूचना गांव के चौकीदार ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल हरिशंकर चंद, एसआई रामकिशोर पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। कुछ देर बाद फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस को बबली के पैर और कनपटी के ऊपर सिर में चोट का निशान मिला। पुलिस ने जब उसके पति से पूछतांछ की तो उसने बताया कि शराब पार्टी के बाद बबली अचानक से गिर गई। सिर में चोट लगने की वजह से उसकी मौत हुई है। पुलिस पति को कोतवाली में बैठाकर पूछतांछ कर रही है। इस बाबत सीओ शैलेंद्र बाजपेई ने बताया कि महिला की मौत हुई है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी

# सेठ बद्रीप्रसाद महाविद्यालय के नर्सिंग विभाग में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** महेशपुरा रोड स्थित सेठ बद्री प्रसाद स्मृति महाविद्यालय के नर्सिंग विभाग में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस धूमधाम से मनाया गया।आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर की गई, तदोपरांत केक काटी गई। प्राचार्या डॉ. सावित्री गुप्ता ने नर्सिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नर्सिंग सेवा, समर्पण एवं मानवता का सर्वोच्च उदाहरण है। एक नर्स मरीज के जीवन में आशा और विश्वास का संचार करती है तथा समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षिका जया सरोज ने कहा कि नर्स केवल मरीज की देखभाल ही नहीं करती, बल्कि वह अपने व्यवहार एवं सेवा भावना से रोगी को मानसिक शक्ति भी प्रदान करती है। शिक्षिका पूनम ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि नर्सिंग का क्षेत्र करुणा, धैर्य और सेवा भावना का प्रतीक है तथा आज के समय में नर्सों की भूमिका समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में नर्सिंग विभाग की छात्राओं द्वारा आकर्षक मॉडल एवं पोस्टर बनाकर प्रस्तुत किए गए। मॉडल प्रेजेंटेशन में नेहा, समिया, हिमानी, नंदिनी, गौरी, दीपिका, रूपा कुसुम आदि ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रेजेंटेशन में चेतना, साहिना, शिवानी, अंजली आदि ने स्वास्थ्य एवं नर्सिंग जागरूकता से जुड़े विषयों को प्रदर्शित किया किया। छात्राओं द्वारा आकर्षक एवं मनमोहक रंगोली भी बनाई गई। रंगोली प्रतियोगिता में समिया, नंदिनी, गौरी, रूपा एवं शिवानी की प्रस्तुति सराहनीय रही। सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य ब्रजेंद्र सिंह निरंजन, फॉर्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार पटेल, डॉ. सत्यप्रताप, तैय्यबा सिद्दीकी, नर्सिंग विभाग से पूनम देवी, जया सरोज, डॉ. रामदेव, हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. आर. डी. सिंह, डॉ. शिवम सिंह, आईटीआई विभाग से इंजी. सन्तोष रायकवार, प्रदीप कुशवाहा सहित महाविद्यालय के शिक्षक राधेश्याम पटेल, धर्मेंद्र पटेल, राघवेन्द्र पटेल मनोज श्रीवास्तव, दिनेश बाबू, अनूप चौधरी, विवेक बाबू, आदि उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद छत्रसाल (प्रमुख) शाखा का अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** औरैया-चुर्खी बाईपास स्थित एक गेस्ट हाउस में भारत विकास परिषद छत्रसाल (प्रमुख) शाखा का अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। साथ ही हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद केवल सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना से समाज को जोड़ने वाला मंच है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में परिषद द्वारा किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करना अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेगा। क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव अजय इटौरिया ने कहा कि भारत विकास परिषद भारतीय संस्कृति और राष्ट्र भावना को मजबूत करने का कार्य कर रही है। परिषद के सदस्य समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सेवा कार्य कर रहे हैं, जो अनुकरणीय है। उन्होंने नई कार्यकारिणी से समाजहित में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। प्रांतीय अध्यक्ष लखन लाल चंदैया ने कहा कि परिषद का उद्देश्य समाज में शिक्षा, संस्कार और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है जब सभी सदस्य मिलकर समाज के लिए कार्य करें। कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष यूपी बोर्ड और सीबीएसई की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में नगर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले तीन-तीन छात्र-छात्राओं को शील्ड, प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। एनएसटी स्कूल की छात्रा अदिति शुक्ला ने स्वरचित देशभक्ति कविता का प्रभावशाली पाठ किया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे सभागार में राष्ट्रभक्ति का उत्साह भर दिया।

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने में जुटे डीएम, सीएचसी डकोर का किया औचक निरीक्षण

## - डिलीवरी, जांच और दवा व्यवस्था मिली संतोषजनक, मरीजों से संवाद कर जाना हाल
## - लैब में दो एसी लगाने की स्वीकृति, फार्मासिस्ट तैनाती के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डकोर का आकस्मिक निरीक्षण कर ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। निरीक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाना रहा।

जिलाधिकारी ने अस्पताल में संचालित डिलीवरी सेवाओं, पैथोलॉजी जांच, दवा वितरण, टीकाकरण एवं अन्य चिकित्सा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि अस्पताल में डिलीवरी की सुविधा सुचारु रूप से संचालित हो रही है तथा मरीजों को आवश्यक जांच और उपचार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता एवं चिकित्सकों द्वारा भी सेवाओं के बेहतर संचालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं तीमारदारों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल में मिलने वाली नि:शुल्क दवाओं एवं जांच सुविधाओं पर संतोष जताया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित एएनएम से भी विस्तार से बातचीत की और कहा कि ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य संरक्षण में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भधारण के प्रारंभिक समय से लेकर सुरक्षित प्रसव तक महिलाओं को जीवन रक्षक दवाएं, पोषण संबंधी औषधियां तथा टीकाकरण की सुविधाएं समय से और सहज रूप से उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने लैब का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पहले जांच सुविधाओं के अभाव में लोगों को काफी परेशानी होती थी, लेकिन अब प्रदेश सरकार की प्राथमिकता के चलते गांव स्तर तक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार हुआ है। लैब में सभी आवश्यक जांचें संचालित पाए जाने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही जांच सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तत्काल दो एसी लगाए जाने के निर्देश दिए तथा इसकी स्वीकृति भी प्रदान कर दी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही एसी लगने से मरीजों एवं कर्मचारियों दोनों को बेहतर वातावरण मिलेगा और जांच कार्यों की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में दो फार्मासिस्टों की तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे दवा वितरण व्यवस्था और अधिक सुचारु एवं व्यवस्थित हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सहजता से उपलब्ध हों। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, चिकित्सक आदि मौजूद रहे।

# न्यायिक अधिकारियों ने किया जिला कारागार का साप्ताहिक भ्रमण

## बैरकों में निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना, जेल प्रशासन को दिये आवश्यक निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उ. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी- । ने 12 मई 2026 को जिला कारागार उरई का साप्ताहिक भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ-तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान जेल के मुख्य दरवाजे पर मुलाकात हेतु बंदियों के परिजन खड़े हुए थे ।निरीक्षण में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी- । ने जिन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं किन्तु जमानतगीर न होने के कारण रिहा नहीं हो पा रहे हैं, उनकी सूची अविलम्ब जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के कार्यालय में प्रेषित किये जाने हेतु जेल प्रशासन को निर्देशित किया, जिससे कि उन बन्दियों के सम्बन्ध में प्रभावी पैरवी कर उन्हे शीघ्रता से कारागार से रिहा करवाया जा सकें एवं जिन बन्दियों की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हैं उनकी जमानत राज्य की ओर से जिला अधिकार प्राप्त समिति जालौन के माध्यम से करवायी जा सकें। बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान-पान इत्यादि के बारे में जाना-परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग-अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।इसके उपरान्त जेल चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव महोदया द्वारा कुछ बन्दीगण से उनकी समस्या के बारें में भी पूछा गया तो बन्दीगण द्वारा कोई समस्या नहीं बतायी गयी।इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ0 राहुल बर्मन, उपकारापाल अमर सिंह व श्री संगेश कुमार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के लिपिक शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

# उरई विकास प्राधिकरण ने निर्माणाधीन अवैध मैरिज लॉन किया सील

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सरोवर पोर्टीको के पास बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अनाधिकृत मैरिज लॉन का निर्माण किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध उरई विकास प्राधिकरण द्वारा उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 27 के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया था। निर्माणकर्ता उदय प्रताप एवं अन्य द्वारा शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया गया। जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण के निर्देश पर आज प्राधिकरण प्रवर्तन टीम द्वारा उक्त अवैध निर्माण सील कराते हुए पुलिस अभिरक्षा में दे दिया गया है। कार्यवाही के दौरान सचिव उरई विकास प्राधिकरण , पुलिस बल एवं प्राधिकरण प्रवर्तन टीम उपस्थित रही ।समस्त विकासकर्ता एवं भवन निर्माणकर्ता से अपेक्षा है कि प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत करवा कर ही निर्माण कार्य करें अन्यथा प्राधिकरण द्वारा नोटिस, सील, अभियोजन एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जा सकती है , जिससे होने वाले किसी क्षति के लिए निर्माणकर्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर 'सनातन ओलंपियाड' का भव्य शुभारंभ

## गणित एवं विज्ञान में नवाचार को बढ़ावा देने की पहल, उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर समग्र सनातन फाउंडेशन द्वारा गणित एवं विज्ञान विषय में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'सनातन ओलंपियाड' का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनपद जालौन के प्रथम नागरिक एवं पूर्व सांसद तथा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी ने सनातन ओलंपियाड पुस्तक का विमोचन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

समग्र सनातन फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस ओलंपियाड का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित एवं विज्ञान के प्रति अभिरुचि विकसित करना तथा जेईई, नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अवधारणात्मक समझ को मजबूत करना है। कार्यक्रम में आधुनिक तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आईसीटी आधारित शिक्षण पद्धतियों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में इसरो अहमदाबाद के वरिष्ठ वैज्ञानिक विवेक सिंह का संदेश उनके प्रतिनिधि नीलेश राव द्वारा पढ़कर सुनाया गया। उन्होंने सनातन ओलंपियाड को भारतीय वैज्ञानिक परंपरा और आधुनिक तकनीक को जोड़ने वाला अभिनव प्रयास बताया। समग्र सनातन फाउंडेशन के निदेशक उदितांशु सोनी ने कहा कि ओलंपियाड का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता कराना नहीं, बल्कि छात्रों में तार्किक क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विषयों की गहरी समझ विकसित करना है। वहीं प्रोफेसर एसएस चौहान ने कहा कि गणित सभी विज्ञानों का मूलाधार है और यह ओलंपियाड विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक चिंतन को बढ़ावा देगा। कार्यक्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की नोडल प्राचार्य डॉ. नूपुर कश्यप ने तकनीकी शिक्षा और इनोवेशन को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। गांधी महाविद्यालय उरई के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सक्सेना ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कई शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इनमें डॉ. एके सक्सेना, डॉ. हरीश श्रीवास्तव, विनय गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. आदर्श कुमार निगम, बृजबिहारी सोनी सहित अनेक शिक्षक शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. घनश्याम अनुरागी ने कहा कि जनपद जालौन में विज्ञान और गणित के क्षेत्र में यह एक सराहनीय पहल है, जिससे विद्यार्थियों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का आह्वान किया।

# गौवंशों की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता, लापरवाही पर तय होगी जवाबदेही - डीएम

## भीषण गर्मी को देखते हुए सभी गौशालाओं में चारा, पानी, छाया और स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त रखने के सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** गौवंशों के संरक्षण, सुरक्षा और बेहतर देखभाल को लेकर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने डकोर गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौवंशों की स्थिति, भूसा एवं हरे चारे की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल, छायादार स्थान तथा पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में गौवंशों की सुरक्षा और समुचित देखभाल प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद की सभी गौशालाओं में पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा एवं पौष्टिक आहार की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी गौवंश को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि गोवंशों के लिए स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त छायादार स्थान और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था निरंतर बनी रहनी चाहिए। जिलाधिकारी ने गौशाला परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में संक्रमण और बीमारियों की आशंका बढ़ जाती है, ऐसे में पशु चिकित्सक नियमित रूप से गौशालाओं का भ्रमण कर बीमार पशुओं की जांच एवं उपचार सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करें और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि गौवंशों की देखभाल में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।जिलाधिकारी ने भूसा दान अभियान की भी समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से ही गौसंरक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने आमजन से भी अपील की कि वे आगे आकर गौवंशों के संरक्षण एवं सेवा में सहभागिता निभाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे किनारे बनेगा आधुनिक होल्डिंग एरिया व डम्पिंग यार्ड, यातायात प्रबंधन को मिलेगी नई मजबूती

## 1.61 करोड़ की परियोजना का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, जल्द निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद में यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा ओवरलोड एवं जब्त वाहनों के सुरक्षित संचालन हेतु बड़ी पहल करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम डकोर, परगना एवं तहसील उरई स्थित बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के सर्विस रोड किनारे प्रस्तावित होल्डिंग एरिया एवं डम्पिंग यार्ड निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। लगभग 161.99 लाख रुपये लागत से स्वीकृत इस महत्वपूर्ण परियोजना को जनपद की आवश्यकता बताते हुए जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग सीडी3 को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्थल की स्थिति का जायजा लेते हुए कहा कि वर्तमान में जनपद में वाहनों को सुरक्षित खड़ा करने के लिए पर्याप्त होल्डिंग एरिया उपलब्ध नहीं है। ओवरलोड, अवैध परिवहन अथवा अन्य गतिविधियों में पकड़े जाने वाले वाहनों को व्यवस्थित ढंग से रखने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए इस होल्डिंग एरिया एवं डम्पिंग यार्ड की स्वीकृति कराई गई है, जिससे भविष्य में वाहनों के सुरक्षित पार्किंग एवं प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले भूमि का समतलीकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, ताकि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण हो सके। उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत करेगी, बल्कि एक्सप्रेस-वे क्षेत्र में यातायात नियंत्रण और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को भी नई दिशा देगी ।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित होल्डिंग एरिया बनने के बाद जब्त वाहनों को व्यवस्थित रूप से रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध होगा, जिससे सड़क किनारे अनियोजित पार्किंग की समस्या समाप्त होगी और यातायात व्यवस्था अधिक सुचारु बनेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना के प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, तहसीलदार श्रीश मिश्रा, लेखपाल आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# महिला आरक्षण विरोध पर उरई में महिलाओं का सांसद कार्यालय पर उग्र घेराव, नारेबाजी के बीच दी चेतावनी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के विरोध पर भड़के आक्रोश में उरई विधानसभा की सैकड़ों महिलाओं ने आज लोकसभा सांसद नारायण दास अहिरवार के कार्यालय को घेर लिया। जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन के बीच विपक्षी दलों पर महिलाओं के अधिकारों पर 'कुठाराघात' का आरोप लगाते हुए उन्हें लोकतांत्रिक जवाब देने की चेतावनी दी। महिलाओं ने कहा कि भाजपा सहित विरोध करने वाले दल अब भारत की आधी आबादी के खिलाफ खड़े हो गए हैं, जो क्षम्य नहीं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को जनता के संदेश और कांग्रेस के राजनीतिक परिणामों का जिक्र कर समाजवादी पार्टी को भी भूल सुधारने को कहा। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर राजनीति बर्दाश्त न करने और संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया ।प्रमुख रूप से ऊषा गुप्ता, रेखा वर्मा, शीतल सेंगर, मीनू मिश्रा, श्रद्धा सेंगर, संध्या चौहान समेत सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया। सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, अशोक राठौर, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, रामजी सिंह राजावत सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार मंडल ने किया मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के पास शर्वत वितरण

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन द्वारा जिला परिषद रोड उरई स्थित बजरंग होटल पर श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ शीतल शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि निवर्तमान जिला महामंत्री श्री रविंद्र सिंह हसनपुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा कि ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार को सेवा, दान-पुण्य एवं जनकल्याण के कार्य करने से श्री हनुमान जी महाराज प्रसन्न होते हैं तथा अपने भक्तों पर सदैव कृपा एवं आशीर्वाद बनाए रखते हैं। कार्यक्रम का सफल एवं भव्य आयोजन करने हेतु जिला महामंत्री संगठन श्री बबलू दुबे को हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष/बुंदेलखंड प्रभारी श्री संतोष गुप्ता,क्षेत्रीय मंत्री बलवीर सोनी,जिला महामंत्री प्रदीप द्विवेदी,संजीव सिपोलिया,जिला उपाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल जी,भाजपा नेता संदीप पांचाल, जिला मंत्री शिवदयाल हुंका, नगर अध्यक्ष भाजपा श्रीमती शीतल सेंगर, नगर अध्यक्ष उमेश चंद्र शर्मा, नगर महामंत्री कृष्ण कुमार मिश्रा, अमित अहिरवार, एडवोकेट धीरेंद्र श्रीवास्तव, व्यापारी रामजी गुप्ता, महिला विंग जिलाध्यक्ष सुनीता राज, जिला महामंत्री वंदना पांचाल, जिला उपाध्यक्ष मांडवी सिंह, जिला मंत्री संगीता देवी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं व्यापारी बंधु उपस्थित रहे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन द्वारा निर्णय लिया गया कि ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार को इसी प्रकार के सामाजिक, धार्मिक एवं जनसेवा के कार्य निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# सरकार मदीना बुला लो, सरकार मदीना बुला लो...

## दो रोजा उर्स शुरु, बंदगी के जज्बे से लबरेज रही शायरी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई :** सैयद पदमशाह बाबा के 46 वें उर्स समारोह में सोमवार की रात हिंदुस्तान के जाने माने शायरों ने बंदगी के जज्बे से लवरेज कलाम सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को इबादत के रंग से सराबोर कर दिया। भोर होने-तक शायरी का सिलसिला चलता रहा और भीड़ है कि आखिरी तक मौके से नहीं टली।

बता दे कि अंबेडकर चौराहा पर स्थित हजरत सैयद पदम शाह बाबा की दरगाह में दो रोजा उर्स की शुरूआत कल मौलाना बशीर अहमद कादरी की याद में जश्नने गरीब नमाज से हुयी।पहले दिन बाहर से आये नामीगिरामी शायरों ने खुदा और रसूल को नजर अपने कलाम से श्रोताओं को रूहानियत के पाक ख्यालों में खो जाने के जज्बे को उभारा। सदारत कानपुर से चलकर आये काजी-ए-शहर धर्मगुरु मुस्ताक अहमद मुशाहिदी ने की। सबसे पहले फैजाबाद से आए शायर अहमद उल फत्तह ने इन पंक्तियों में ऊपर वाले के लिये अपने समर्पण का इजहार करते हुये पढ़ा, सरकार मदीना बुला लो, सरकार मदीना बुला लो, में खुशियां खूब मनाऊं, हर एक घर को जाकर बताऊं। बाहिद अंसारी मालेगाव ने कोमी एकता पर तंज करते हुए पढ़ा, इश्क मस्ती में खूब रहते हैं, लेकर हाथों में झूम लेते हैं, याद आया है मां का आंचल तो, हम तिरंगे को चूम लेते हैं। कलीम दानिश कानपुरी ने पढ़ा, या सैय्यदी पदम, या सैय्यदी पदम, दिल चाहता है चुम लूं, मैं आपके कदम, या सैय्यदी पदम, या सैय्यदी पदम। इसके बाद फैसल रब्बानी बहराइच ने पढ़ा, में हूँ अली का, अली है हमारे, अली तो हमारी आँखो के तारे। इससे पहले गुलाम गौस गजाली बरेली ने पढ़ा, मेरा घर ही ए असगर बरेली में है, दिल तो इश्को मोहब्बत की नगरी में है, बचपने में दायरे रजा मिल गया, शायरी के लिए और क्या चाहिए। सैफ रजा कानपुरी ने पढ़ा, मौत के भवर से इस लिए बच के बाल बाल आ गया, क्यों की उस घड़ी मेरे नबी आपका ख्याल आ गया। हाफिज आशु उरईवीं ने पढ़ा, नसीबा मुस्कुराता है, मुकदर मुस्कुराता है, अली सौ जाए तो आका का बिस्तर मुस्कुराता है। नातिया मुशायरे में अमन रजा उरई, शबीउद्दीन व दिलशाद रजा उरई ने नात पाक पढ़कर वाहवाही लूटी। संचालन कर रहे कारी सुब्हान उल्लाह कानपुर ने अपने इल्मों हुनर से सारी रात मजमे को नबी की हदीसों के हवाले से बांधे रखा। इस मौके पर अध्यक्ष आरिफ कादरी, मुमताज रहमानी, जमाल छोटू, कृपाशंकर द्विवेदी बच्चू महाराज, इबादत अली, रिजवान मास्टर, जुबैर आलम, भूरे शाह, चुन्नू इंडिका, मुन्ना अंसारी, मुन्ना कैसेट, शानू बैटरी, शहादत अली आदि मौजूद रहे।






# औरैया-जालौन हाईवे पर आग का गोला बनकर बहुत दूर तक दौड़ी कार

## पुलिस ने तत्काल पहुँचाई मदद, कोई जनहानि नही

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** कुठौंद थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब औरैया-जालौन हाईवे पर दौड़ रही एक कार में अचानक भीषण आग लग गई। घटना ग्राम हदरुख बुजुर्ग के पास स्थित पेट्रोल पंप के नजदीक हुई। देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई और हाईवे पर लंबा जाम लग गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद यातायात सुचारु कराया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार देर रात एक कार औरैया की ओर से जालौन दिशा की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार हदरुख पेट्रोल पंप के पास पहुंची तभी उसमें से अचानक धुआं निकलने लगा। कार सवार लोगों ने स्थिति भांपते हुए तुरंत वाहन रोक दिया और बाहर निकल आए। कुछ ही पलों में कार में तेज लपटें उठने लगीं और आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। हाईवे किनारे जलती कार को देखकर राहगीरों और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि लोग काफी दूरी पर खड़े होकर घटना देखते रहे। पेट्रोल पंप पास होने के कारण लोगों में किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी रही। हालांकि समय रहते कार सवार सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे जनहानि टल गई। घटना की सूचना मिलते ही कुठौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल यातायात रुकवाकर दोनों ओर वाहनों की कतारों को नियंत्रित किया। काफी देर तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा और वाहनों की लंबी लाइन लग गई। बाद में पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से स्थिति को नियंत्रित कर यातायात बहाल कराया गया। कार में सवार लोग कौन थे और आग लगने का वास्तविक कारण क्या था, इसका देर रात तक पता नहीं चल सका था। प्रारंभिक आशंका शॉर्ट सर्किट या इंजन में तकनीकी खराबी की जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ज्येष्ठ मास के दूसरे मंगलवार को हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )** स्थानीय मु0 गणेशगंज/रामगंज स्थित प्राचीन जगदीश्वर हनुमान जी के मंदिर मे ज्येष्ठ मास के दूसरे मंगलवार को मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी के सदस्यों जिसमे प्रमुख रूप से विवेक दीक्षित सभासद गणेश गंज वार्ड, दिलीप सिंह सेंगर, मनोज चतुर्वेदी, मानवेंद्र सिंह चौहान, बाबू सिंह यादव, माधौसिंह यादव, भगवान दास तिवारी, रामदास तिवारी, देवेन्द्र गुप्ता, अतुल बढ़ेरिया, डा. प्रदीप गुप्ता, हृदेश श्रीवास्तव, आशू जादौन, बबलू सिंह चौहान के द्वारा इस भंडारे का सफल आयोजन किया गया वहीं समिति के लोगों ने बताया कि पुरुषोत्तम मास मे पड़ने वाले प्रत्येक मंगलवार को भंडारे का आयोजन अनवरत जारी रहेगाइस वर्ष ज्येष्ठ मास दो मयी से प्रारंभ होकर पुरुषोत्तम मास के संयोग के कारण 59 दिनो तक रहेगा इस बार कुल आठ बड़े मंगल पड़ रहे हैं जिसमे भक्तों, श्रद्धालुओं को आठ बड़े मंगलों मे हनूमान जी की पूजा अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त होगा ज्येष्ठ मास मे पड़ने वाले मंगलवारों का संबंध हनुमान जी की शक्ति और ऊर्जा से जुड़ा है ज्येष्ठ माह के मंगलवार को बड़ा मंगल भी कहा जाता है बड़े मंगलवार का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है इस दिन पूजन अर्चन करने से भक्तों की समस्त मनोकामनायें पूर्ण होती हैं।



# केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में बहुजन मुक्ति पार्टी ने दिया धरना

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में बहुजन मुक्ति पार्टी के दर्जनों नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को भेंट किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से रामबाबू चौधरी जिलाध्यक्ष बीएमपी, धर्मेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष बहुजन मुक्ति पार्टी, आर.बी. कुशवाहा अध्यक्ष पिछडा वर्ग मोर्चा, एल. आर. अटल अध्यक्ष राष्ट्रीय मूल निवासी संघ, सत्यनारायण, आकाश, धर्मेंद्र कुमार जिलाध्यक्ष भारत मुक्ति मोर्चा, अमरसिंह कदौरा, रामअवतार चौधरी, सुरेन्द्र पाल, प्रेम सिंह, गुलशन जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा आदि ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेंट करते हुए बताया कि बहुजन मुक्ति मोर्चा द्वारा केन्द्र सरकार की ग़लत नीतियों के विरोध में तीन चरणों में देश के 625 जिलों में राष्ट्रब्यापी आंदोलन जिलाधिकारी कार्यालय पर किया जा रहा है जिसके तहत केंद्र सरकार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी प्रतिदिन निर्माण की जा रही है जबकि स्मार्ट मीटर के द्वारा अधिकतम बिजली बिल उपभोक्ताओं पर थोपा जा रहा है। संगठन के नेताओं ने कहा कि महंगे घरेलू गैस और कामर्शियल गैस एवं महंगें पेट्रोल डीजल ने देश के बहुजन समाज के लोगों की आर्थिक कमर तोड़ने का सुनियोजित षड़यंत्र केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही ज्ञापन में 12 सूत्रीय मांगों को भी शामिल किया गया है।

# भाकपा माले ने केंद्र व प्रदेश की सरकार के विरोध में किया प्रदर्शन

## कलेक्ट्रेट पहुंच कर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** भाकपा माले नेताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां पर विभिन्न मांगों से संबंधित राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट किया।

प्रदर्शन को एक्टू कामरेड रामसिंह चौधरी व का. राजीव कुशवाहा ने संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों की एकता दिवस पर हम सबको खेत मजदूर से लेकर सभी व्यक्तियों के मजदूरों को एकताबद्ध करते हुए दुनिया के मजदूरों की एकता आज के दौर में वृहद जरूरी है और यह एकता शोषण के खिलाफ संघर्ष से ही बनाई जा सकती है योगी सरकार की दमन के खिलाफ कानूनी तौर पर हम लोगों को करवाई और आंदोलन में साथ-साथ जाना चाहिए क्योंकि संविधान और कानून तोड़ने वाली सरकार को हमें जहां आंदोलन से चेतावनी देना है वही संविधानिक तौर से गैर संवैधानिक तरीके से मजदूर हड़ताल को रोकना असंवैधानिक है किस कानून के तहत भाकपा माले नेताओं को हाउस अरेस्ट किया गया और पुलिस को भेजा गया इस पर कार्रवाई जरूरी है और जहां-जहां पुलिस के लोग गए हैं उन पर कार्रवाई की जाना चाहिए आगे प्रदर्शन के बाद एक ज्ञापन दिया।इस मौके पर भाकपा माले के दर्जनों नेता मौजूद रहे।

# एसडीएम की अध्यक्षता में लेखपालों की साप्ताहिक बैठक आयोजित

( यंग भारत न्यूज )




**कालपी-उरई।** मंगलवार को तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की मौजूदगी में एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में लेखपालों की साप्ताहिक बैठक सम्पन्न हुई। मीटिंग में एसडीएम ने निर्देश दिये कि शासकीय कार्यों को जल्द निपटाया जाये।

तहसील सभागार में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुये उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि बताया कि फार्मर रजिस्ट्री का कार्य जल्द निपटाया जाये। तथा जायद की फसल की पड़ताल का कार्य शीघ्र पूरा किया जाये। राजस्व न्यायालयों में लम्बित मुकदमों में कुरा बटवारे की रिपोर्ट तैयार करके समस्त लेखपाल पत्रावलियों में निर्धारित समय के अंदर दाखिल करें। इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता नहीं होनी चाहिये। भीषण गर्मी के मौसम में गांवों में पेयजल व्यवस्था पर रखी जाये।उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों का मौके पर पहुंच कर निर्धारित समय में गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण करें। राजस्व निरीक्षक राजेंद्र कुमार, प्रमोद दुवे,हरेंद्र सिंह सेंगर,सुरेश कुमार, लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष जयवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, राघवेन्द्र सिंह निरंजन, एसके महान,शिव मंगल पाठक, विभा,अमित कुशवाहा, प्रशासनिक अधिकारी धीरज पुरवार, शैलेंद्र कुमार, सलीम खान,सैयद टीपू आदि ने मीटिंग में शामिल रहे।

# ज़मीनी विवाद में मारपीट करने के आरोप में एफआईआर

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** कोतवाली कालपी के अंतर्गत ग्राम सुरौली में हदबंदी होने के बाद आरोपियों द्वारा बुलडोजर चलाकर कब्जा करने के मामले में वादी रामदास उर्फ राम प्रसाद पुत्र जगदीश प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम सिरौली हाल निवासी मोहल्ला रामगंज कालपी जिला जालौन ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

वादी ने आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुये अवगत कराया है कि दिनांक 29.04.2026 समय करीब 12 बजे प्रार्थी की जमीन जिस पर आरोपियों बालक राम ने बुलडोजर चलवा कर कब्जा कर लिया और सरकारी पत्थर उखाड़ कर फेंक दिए। और सरकारी चिन्ह भी मिटा दिए। प्रार्थी को जैसे ही पता चला तो प्रार्थी मौके पर पहुंच कर इन लोगों ने मना किया। हाथ पैर जोड़ लेकिन आरोपी नहीं माने तो आरोपी गणों बालकराम व कमलेश ने कहा कि भाग जाओ नहीं तो लाठी मार कर बिछा देंगे प्रार्थी डर के कारण अपनी साइकिल लेकर चुपचाप चला आया जो की रायड़ गाव के आगे जंगल में लक्ष्मण दास मंदिर के मोड़ के आगे आरोपियों ने प्रार्थी को घेर लिया और एक हाथ में डंडा मार दिया। प्रार्थी का हाथ फैक्चर हो गया। और प्रार्थी गिर पड़ा। आरोपी शराब के नशे में थे। प्रार्थी के सीने में धक्का मारा और बालक राम ने डंडा मार दिया। प्रार्थी हाथ पैर जोड़ता रहा तब गुलौली की तरफ से अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से आ रहे थे जिन्होंने प्रार्थी को बचा लिया। यह घटना 29.04.2026 की समय करीब 12:00 बजे की है। इसी क्रम में प्रार्थी ने आगे बताया कि प्रार्थी की जमीन की हाथ बंदी 12.09.2001 व पत्थर गड्डी दिनांक 06.07.2002 में हो चुकी थी फिर भी आरोपियों ने बुलडोजर चलाकर कब्जा कर लिया।

# 6 हजार विधुत उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर में पोस्टपैड सिस्टम फिर शुरू

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** विद्युत विभाग के द्वारा कालपी के उपभोक्ताओं के घरों में स्थापित हुये करीब 68 सौ स्मार्ट मीटरों में प्रीपेड रिचार्ज की व्यवस्था से बदल कर पोस्ट पैड भुगतान की पुरानी व्यवस्था एक बार फिर से शुरू हो गई है। इस व्यवस्था से उपभोक्ताओं ने राहत महसूस की है।

जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उपखंड कालपी क्षेत्र में करीब 22 हजार विधुत उपभोक्ता हैं। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट मीटर लगाने का अभियान चलाया गया था। उन्होंने कहा कि करीब 6 हजार उपभोक्ताओं के यूपीपीसीएल स्मार्ट मीटर से आनलाइन व्यवस्था शुरू कर दी गई थी। शासन के निर्देश के अनुरूप पावर कारपोरेशन के द्वारा पुन: से पोस्टपेड व्यवस्था को लागू कर दिया गया है। वैसे तमाम उपभोक्ता बताते हैं कि प्रीपेड व्यवस्था से हम लोगों की लाइट बिना वजह कट जाती थी। जिससे मामले का समाधान नहीं हो पाता था। इस सिलसिले में अवर अभियंता इंजीनियर सत्य प्रकाश गौतम ने बताया कि नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं के संयोजनों के बिल प्रत्येक महीने की 10 तारीख के अंदर बन जाएंगे तथा मोबाइल पर मैसेज भी आएगा। ड्यू डेट के अंदर उपभोक्ता को अपने बिल की अदायगी सुनिश्चित करनी होगी। निर्धारित अवधि के अंदर बिल भुगतान न करने पर संयोजन को विभाग के द्वारा विच्छेदन करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपील की है कि अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए अपने-अपने विद्युत बिलो का भुगतान निर्धारित समय अवधि के अंदर करें।

# घर में घुसकर हमला करने पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम उसरगांव में एक राय हो करके घर के भीतर हमला करने की घटना को लेकर प्रार्थी के द्वारा आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है इस प्रकरण की विवेचना ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर विपिन कुमार के द्वारा की गई है।

उक्त घटना को लेकर पीड़ित वादी रानी पत्नी संतु अहिरवार निवासी ग्राम उसरगांव ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 05.05.2026 को समय करीब 9:30 बजे रात में मेरे ही गांव के सागर कुमार, धर्मेंद्र कुमार व शीलू कुमार पुत्रगण धूराम व उनका भांजा राजाबाबू निवासी ग्राम जोल्हुपुर थाना कालपी जिला जालौन द्वारा मेरे घर के अंदर घुसकर गाली गलौज करने लगे और मेरे तथा लक्ष्मी पत्नी धर्मेंद्र हरीश पुत्र संतु अहिरवार व संतु अहिरवार पुत्र स्वर्गीय महिलाल के साथ लाठी डंडे व लोहे की सरिया से मारपीट करने लगे जिससे प्रार्थी व प्रार्थी के परिवार के लोगों को गंभीर चोटे आईं जिसकी सूचना प्रार्थी के द्वारा 112 पुलिस को दे दी गई थी।

# किशोरी को भगाने के मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** तहसील कालपी क्षेत्र के 1 ग्राम से 17 वर्षी किशोरी को भाग कर ले जाने के मामले में पीड़ित पिता के द्वारा नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस प्रकरण की विवेचना सब इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार को सौंपी गई है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक थाना कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थी परागना उरई के ग्राम ककहरा का निवासी है। दिनांक 10.05.2025 को प्रार्थी मजदूरी के काम से घर से गया हुआ था तभी दोपहर करीब 1 बजकर 30 मिनट की घटना है की प्रार्थी अपनी मजदूरी पर गया था तभी आरोपी छोटू पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम अमखेरा थाना जालौन में प्रार्थी की पुत्री जिसकी उम्र करीब 17 वर्ष को बहला फुसलाकर भगा ले गया। प्रार्थी ने आगे बताया कि आरोपी छोटू ने एक बार इसी तरह की घटना का अंजाम पहले भी दे चुका है आरोपी छोटी पुत्र रामबाबू अपराधी किस्म का है

# पति और दो बॉयफ्रेंड के अलावा कौन था तीसरा मर्द. रीना के साथ बंद कमरे में क्या हुआ; चौथे की निकली लाश

( यंग भारत न्यूज )

**जयपुर।** राजस्थान के भीलवाड़ा के रहने वाले वीरु उर्फ पप्पू जाट को 900 किलोमीटर दूर बुलाकर मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर बुलाकर हत्या करने वाली गर्लफ्रेंड रीना पटेल देशभर में चर्चा में आ गई हैं.मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर और रायसेन जिले में लव ट्रांएगल के चलते हुई हत्या ने सोशल मीडिया पर भी सनसनी मचा दी है. रीना पटेल ने पहले प्रेमी अरुण पटेल की मदद से दूसरे प्रेमी वीरु को मार डाला. नरसिंहपुर जिला पुलिस के मुताबिक, गर्लफ्रेंड रीना पटेल ने राजस्थान के भीलवाड़ा से अपने पास बुलाया. इधर वीरु भी इस बात से अनजान था कि वह 900 किलोमीटर का सफर तय करके अपनी गर्लफ्रेंड नहीं मौत के पास जा रहा है.



जब भीलवाड़ा से वीरु अपनी गर्लफ्रेंड रीना पटेल से मिलने के लिए नरसिंहपुर पहुंचा तो मामूली बहस के बाद बचपन के प्रेमी अरुण पटेल के साथ मिलकर हत्या की. इसके बाद शव को 200 किलोमीटर दूर रायसेन की खाई में फेंका गया.वीरु राजस्थान का रेत कारोबारी था. बताया जा रहा है कि आरोपी रीना पटेल उर्फ रीना किरार के वीरु जाट से अवैध संबंध थे. हो सकता है वीरु ने कुछ आपत्तिजनक वीडियो बनाए थे या फिर अश्लील फोटो खींची हों, क्योंकि हत्या की वजह सामने नहीं आ रही है. रीना किनार मूलरूप से नरसिंहपुर के साईखेड़ा की रहने वाली है. ग्रामीणों का मानना है कि बचपन में ही माता-पिता का निधन हो गया. इसके बाद 16 साल की उम्र में शादी हो गई थी. बताया जा रहा है कि वह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने लगी तो पति से दूरी बन गई. इसके बाद पुराने प्रेमी की वापसी और उसके बाद सोशल मीडिया पर बनी नई पहचान के साथ ही रानी पटेल बनकर शहर में रहने ली. रीना पटेल ने प्रेमी अरुण पटेल के साथ मिलकर आखिर क्यों वीरू की हत्या की साजिश रची यह सस्पेंस है. पुलिस के अनुसार, गाडरवाड़ा निवासी अरुण पटेल रीना के साथ लिव इन में रहता था. वह फाइनेंस कंपनी से जुड़ा था. हैरत की बात यह है कि अरुण ने अपनी गर्लफ्रेंड रीना को करोड़ों की एफडी, महंगी ङ्क्ष700 कार, आईफोन, सोना दिया था. सबकुछ ठीक चल रहा था. इस बीच अरुण और रीना के बीच वीरू की एंट्री हो गई. वह सोशल मीडिया के जरिये रीना से जुड़ा. उसके वीडियो और फोटोज लाइक करता था. धीर-धीरे दोनों करीब आए और प्यार हो गया. उधर, जांच कर रही पुलिस सूत्रों अनुसार. बचपन के प्रेमी अरुण पटेल को जब रीना और वीरू के रिश्ते की जानकारी मिली तो वह नाराज हो गया. अरुण ने ही रीना को इस बात के लिए राजी किया कि वीरू की हत्या करनी चाहिए. प्लानिंग के तहत ही 29 अप्रैल 2026 को वीरू को रीना के घर बुलाया गया. वहां पहले से मौजूद अरुण पटेल और उसके साथी हरनाम किरार ने बेसबॉल बैट से हमला किया. सिर लगातार वार और ज्यादा खून निकलने से वीरू जाट की रीना के घर पर ही मौत हो गई. हत्या के बाद शव को बोरी में पैक किया गया और ङ्क्ष700 कार की डिकी में रखकर नरसिंहपुर से करीब 200 किलोमीटर दूर रायसेन जिले के नागिन मोड़ सिरवारा ब्रिज के नीचे फेंक दिया गया. इसके बाद बेफिक्र होकर रीना और अरुण उज्जैन और मुंबई घूमने निकल गए थे.

# 2 बच्चों की माँ को ओयो ले गया लवर और फिर जब 17 घंटों तक नहीं खोला कमरा तो

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के दिल्ली के मौजपुर मेट्रो स्टेशन के पास जाफराबाद इलाके में स्थित एक ओयो होटल से एक ऐसा मामला सामने आया था, जिसने इलाके में सनसनी फैला दी थी। शुक्रवार की उस दोपहर एक प्रेमी जोड़ा होटल में ठहरा था, लेकिन शाम तक जब कमरा नहीं खुला, तो घटनाक्रम ने दुखद मोड़ ले लिया था।



जानकारी के अनुसार, सोहराब (28) और आयशा (27) दोपहर लगभग 1:02 बजे होटल में चेक-इन किए थे। आयशा पहले से शादीशुदा थी और उसके दो बच्चे थे। बताया गया था कि दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते थे। शाम तक जब वे कमरे से बाहर नहीं निकले, तो होटल स्टाफ को संदेह हुआ था। करीब 7:45 बजे तक दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। जाफराबाद थाना पुलिस को रात लगभग 8 बजे कॉल मिली थी कि मौजपुर मेट्रो स्टेशन के पास एक होटल का कमरा अंदर से बंद है और कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही। बीट कॉन्स्टेबल मौके पर पहुंचा था और उसके सामने ही होटल स्टाफ ने मास्टर चाबी से कमरा खोला था। दरवाजा खुलते ही अंदर का दृश्य चौंकाने वाला था-सोहराब का शव पंखे से रस्सी के सहारे लटका हुआ मिला था, जबकि आयशा बिस्तर पर मृत पड़ी थी। महिला की गर्दन पर चोट के निशान बताए गए थे। जांच के दौरान कमरे से हिंदी में लिखा आधे पन्ने का एक सुसाइड नोट बरामद हुआ था। उसमें लिखा था कि दोनों एक-दूसरे से प्रेम करते हैं और साथ में अपनी जिंदगी खत्म करने का फैसला कर रहे हैं। ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था और फॉरेंसिक टीम (एफएसएल) तथा क्राइम टीम ने मौके की जांच की थी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सोहराब उत्तर प्रदेश के मेरठ का रहने वाला था और उसके परिवार से संपर्क करने की कोशिश की जा रही थी। वहीं आयशा के पति घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने पुलिस को बताया था कि वे सोहराब को नहीं जानते थे। आयशा लोनी, उत्तर प्रदेश के सी ब्लॉक, गली नंबर-10 की निवासी बताई गई थी और उसके परिवार में पति मोहम्मद गुलफाम तथा दो छोटे बेटे थे। यह मामला उस समय वर्ष 2023 की एक चर्चित घटना के रूप में सामने आया था, जिसमें प्रेम संबंध, पारिवारिक स्थिति और आत्महत्या की आशंका एक साथ जुड़ी हुई थीं। आगे की कार्रवाई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर की जानी थी। समय बीतने के बाद भी यह घटना उत्तर-पूर्वी दिल्ली की क्राइम हिस्ट्री में दर्ज उस होटल कमरे की कहानी के रूप में याद की जाती रही, जो एक बंद दरवाजे के पीछे दो जिंदगियों के अंत का गवाह बना था।

# 'ऐसा देशविरोधी प्रधानमंत्री कभी नहीं देखा': पीएम मोदी को गाली देने वाले सपा सांसद पर एफआईआर

## सीएम योगी बोले- समय आने पर जनता देगी जवाब

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** सपा सांसद अजेंद्र लोधी ने पीएम को गाली देते हुए कहा था- इतना हझमी और देशविरोधी प्रधानमंत्री आजतक किसी ने नहीं देखा। अब महोबा में उसके विरुद्ध एफआईआर हुई है। उत्तरप्रदेश के हमीरपुर से सपा सांसद अजेंद्र लोधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली बकने का वीडियो वायरल है।



वीडियो में मीडियाकर्मी उनसे जब पूछते हैं कि पीएम मोदी ने एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है और पेट्रोल-डीजल का कम इस्तेमाल करने को कहा है तब अजेंद्र लोधी जवाब में प्रधानमंत्री को हझमी बोला और देशविरोधी कहते हैं। वीडियो वायरल में सपा सांसद ने पहले तंज मारते हुए कहा- 'मोदी जी जो बोलते हैं बड़ा अच्छा बोलते हैं, सोना न खरीदें- पेट्रोल की खपत कम करें लेकिन विदेश की यात्रा करोड़ों में करें। कितना न्याय है, कितनी लोकप्रिय नेता हैं।' इसके बाद वो गाली देते हुए कहते हैं- इतना हरझमी और देशविरोधी प्रधानमंत्री आजतक किसी ने नहीं देखा और न आने वाली सरकारों में ऐसा कोई पीएम मिलेगा। ये बयानबाजी अजेंद्र लोधी ने उस समय की जब वो और अन्य पार्टी नेता राज्यपाल को 11 सूत्रीय माँगो का ज्ञापन सौंपने गए थे। वहीं पर मीडिया ने सवाल किया तो ये जवाब मिला। अब बयान वायरल है। सीएम योगी ने भी इसपर नाराजगी जताई है। सीएम योगी ने अपने पोस्ट में कहा, 'विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जननेता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति एक सांसद द्वारा की गई असंसदीय टिप्पणी न केवल अशोभनीय और अक्षम्य है, बल्कि भारतीय लोकतांत्रिक मर्यादाओं पर भी गंभीर आघात है। यह कृत्य राजनीतिक कुसंस्कार, वैचारिक दिवालियापन और सार्वजनिक जीवन की शालीनता के प्रति अनादर को प्रकट करता है। यह 145 करोड़ देशवासियों के जनादेश, विश्वास और भारत की लोकतांत्रिक गरिमा का भी अपमान है। देश की जनता ऐसे अमर्यादित आचरण का उत्तर समय आने पर अवश्य देगी।' वहीं भाजपा नेता सतेंद्र प्रताप गुप्ता ने इस मामले में यूपी के महोबा में एफआईआर कराई है। वहीं यूपी भाजपा के चीफ पंकज चौधरी ने कहा है कि समाजवादी पार्टी को ऐसे नेता के विरुद्ध एक्शन लेने को कहा है और ये भी कहा है कि जैसी भाषा अजेंद्र लोधी ने इस्तेमाल की वो बताता है कि सपा सिर्फ गुंडों की पार्टी है।

# खेत पर बुलाकर भाभी ने काटकर अलग कर दिया देवर का प्राइवेट पार्ट

( यंग भारत न्यूज )

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई ज़िले से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है.दरअसल, सामउत्तर प्रदेश के हरदोई ज़िले में एक महिला ने गुस्से में आकर हैरान कर देने वाला कांड कर दिया, दरअसल, जब उसे पता चला कि उसका प्रेमी , जो उसका रिश्ते में देवर लगता था वो शादी करने जा रहा है।



तो महिला ने गुस्से में आकर उस युवक को मिलने के बहाने एक खेत में बुलाया और फिर एक ब्लेड से उसके गुप्तांग काट दिए. जी हाँ! इस घटना के बाद से पूरे गाँव में दशहत फैल गई है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि ये घटना पाली पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले गुजदेई गाँव की बताई जा रही है. दरअसल, यहां 20 वर्षीय सुधीर पिछले चार सालों से एक महिला के साथ प्रेम संबंध में था, जो रिश्ते में उसकी भाभी लगती थी. हैरान कर देने वाली बात ये है कि महिला चार बच्चों की माँ है. बताया जा रहा है कि 6 मई को सुधीर की शादी किसी दूसरी महिला से हो गई थी. सुधीर की शादी की खबर सुनते ही, उसकी शादीशुदा प्रेमिका बदले की आग में जलने लगी. उसे लगा कि सुधीर ने उसे धोखा दिया है. दरअसल, हुआ कुछ यूँ कि शनिवार को, महिला ने सुधीर को बातचीत करने के बहाने कुरसेली गाँव के पास खेतों में बुलाया. सुधीर खुशी-खुशी में घूमते हुए खेतों में पहुंच गया. वहीं फिर जब सुधीर वहाँ पहुँचा, तो शादी को लेकर दोनों के बीच ज़ोरदार बहस छिड़ गई. विवाद इतना बढ़ गया कि महिला ने अचानक पास में रखा एक ब्लेड निकाला और सुधीर के गुप्तांगों पर हमला कर दिया. हमले के बाद, सुधीर ज़ोर-ज़ोर से चीखता हुआ, खून से लथपथ ज़मीन पर तड़पता रहा. भाभी के जानलेवा हमले के बाद सुधीर अपनी जान बचाने के लिए सड़क की तरफ भाग निकला और आरोपी महिला भी उसके पीछे-पीछे भागी. सड़क पर दोनों के बीच काफी देर तक कहा-सुनी चलती रही, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ जमा हो गई. जब महिला को लगा कि वो चारों तरफ से घिर गई है, तो उसने तुरंत अपनी कहानी बदल दी. उसने भीड़ के सामने आरोप लगाया कि वो बैंक जा रही थी, तभी सुधीर ने उसे रोक लिया और उसके साथ ज़बरदस्ती करने की कोशिश की और उसने सुधीर पर हमला सिर्फ़ अपनी आत्मरक्षा में किया था. सुधीर पूरी तरह से खून से लथपथ था. जिसके बाद घायल देवर को तुरंत एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है. मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने इस घटना की जाँच शुरू कर दी है. पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया, यह मामला किसी प्रेम-प्रसंग और आपसी रंजिश से जुड़ा प्रतीत होता है. लिखित शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

# मां को आपत्तिजनक हालत में देख बौखलाया बेटा, ईंट और चापड़ से युवक को उतारा मौत के घाट

( यंग भारत न्यूज )

**बिजनौर।** लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह पीजीआई के संविदाकर्मी सूरज कुमार गौतम की हत्या का मामला सुलझ गया है। पुलिस ने खुलासा किया है कि इस हत्याकांड की वजह अवैध संबंध और 'प्रतिशोध' की आग थी। रविवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी (महिला का बेटा) और उसके एक सहयोगी (नाबालिग चाचा) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने अपनी मां के साथ मृतक को आपत्तिजनक हालत में देख लिया था, जिसके बाद से ही वह उसकी जान लेने की फिराक में था। अशरफनगर-इठुरिया के डेरहवा निवासी 28 वर्षीय सूरज कुमार गौतम उर्फ छोटू, जो पीजीआई में संविदाकर्मी के तौर पर कार्यरत था, उसका शव शनिवार सुबह एक खाली प्लॉट में खून से लथपथ मिला था। डीसीपी (दक्षिण) अमित कुमार आनंद ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस और सर्विलांस की कई टीमें लगाई गई थीं। जांच के दौरान घटनास्थल के आसपास के 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें दो संदिग्ध युवक भागते हुए दिखाई दिए थे। इसी सुराग के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया। पूछताछ में महिला के बेटे ने बताया कि उसकी मां के सूरज के साथ पिछले करीब तीन साल से प्रेम संबंध थे। लगभग दो महीने पहले उसने सूरज को अपनी मां के साथ आपत्तिजनक स्थिति में रंगे हाथों पकड़ लिया था। उस समय उसने सूरज को कड़ी चेतावनी दी थी और घर न आने की हिदायत दी थी। इसके बावजूद सूरज ने घर आना नहीं छोड़ा, जिससे आरोपी के मन में नफरत और गुस्से की आग भड़क उठी। लोक-लाज और परिवार की बदनामी के डर से उसने सूरज को रास्ते से हटाने का खौफनाक प्लान बनाया। हत्या को अंजाम देने के लिए आरोपी ने अपने नाबालिग चाचा को भी शामिल किया। शुक्रवार रात प्लान के मुताबिक आरोपी ने सूरज को फोन कर बुलाया और उसे शराब लाने के लिए पैसे दिए। तीनों एक सुनसान जगह पर शराब पीने बैठे।

# मेरे पति को रिहा कर दो'... कानपुर की इस पत्नी ने टॉवर पर चढ़ किया ऐसा ड्रामा, मजबूर हो गई पुलिस

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** कानपुर में मंगलवार को उस वक्त पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए, जब एक महिला अपने पति की रिहाई की मांग को लेकर पुलिस ऑफिस परिसर में बने मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई। कई घंटों तक चले इस हाई वोल्टेज ड्रामे ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी।



महिला टॉवर पर चढ़कर लगातार अपने पति को सामने लाने की मांग करती रही। हालात ऐसे बन गए कि पुलिस को आखिरकार जेल में बंद उसके पति को कोर्ट की अनुमति लेकर मौके पर बुलाना पड़ा। पति को देखते ही महिला की आंखों से आंसू छलक पड़े और वह टॉवर से नीचे उतर आई। नीचे आते ही वह अपने पति से लिपटकर रोने लगी। इस पूरे घटनाक्रम को देखने के लिए मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। घटना कानपुर पुलिस ऑफिस परिसर की है। जानकारी के मुताबिक महिला अपने पति की गिरफ्तारी से नाराज थी और उसे छुड़ाने की मांग कर रही थी। अचानक वह परिसर में लगे मोबाइल टॉवर पर चढ़ गई और ऊपर से पुलिस को चेतावनी देने लगी कि जब तक उसके पति को सामने नहीं लाया जाएगा, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगी। महिला को टॉवर पर चढ़ा देख पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में कई थानों की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। घंटों तक महिला को समझाने की कोशिश होती रही, लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रही। मामला बढ़ता देख पुलिस अधिकारियों ने कानूनी प्रक्रिया के तहत महिला के पति को कोर्ट से अनुमति लेकर मौके पर बुलाया। जैसे ही महिला ने अपने पति को नीचे खड़ा देखा, वह शांत हो गई और धीरे-धीरे टॉवर से नीचे उतर आई। नीचे उतरने के बाद महिला सीधे अपने पति के पास पहुंची और उससे लिपटकर रोने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली क्योंकि लंबे समय तक यह आशंका बनी हुई थी कि महिला कोई बड़ा कदम उठा सकती है। एडिशनल पुलिस कमिश्नर विपिन टाडा ने बताया कि महिला के पति के खिलाफ उसकी मां की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामले में पॉक्सो एक्ट समेत गंभीर धाराएं लगाई गई हैं और आरोपी फिलहाल जेल में बंद है। उन्होंने कहा कि महिला को सुरक्षित नीचे उतारना पुलिस की प्राथमिकता थी, इसलिए कानूनी अनुमति के बाद आरोपी को कुछ समय के लिए मौके पर लाया गया। इसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। पूरे घटनाक्रम के दौरान पुलिस ऑफिस परिसर के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा रही। कई लोग मोबाइल फोन से वीडियो बनाते नजर आए। सोशल मीडिया पर भी घटना के वीडियो तेजी से वायरल होने लगे। लोगों ने इस घटना की तुलना फिल्म 'शोले' के मशहूर सीन से की, जहां धर्मेंद्र पानी की टंकी पर चढ़ जाते हैं। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला मानसिक तनाव में थी और उसे सुरक्षित नीचे उतारना सबसे बड़ी चुनौती थी। कानपुर का यह मामला अब सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग महिला की भावनाओं को समझने की बात कर रहे हैं, तो कुछ कानून व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# 'सौतन के साथ रहो और मायके से 10 लाख ले आओ.'

## -पति ने दो बार कराया गर्भपात, रूह कांपा देने वाली है कानपुर की रूबिना की कहानी

( यंग भारत न्यूज )

**कानपुर।** प्यार, निकाह और विश्वास के बीच ऐसा क्या हुआ कि एक डॉक्टर पत्नी को अपनी ही जिंदगी बचाने के लिए मायके भागना पड़ा कानपुर की रूबिया खान ने पति ताजदार आलम पर जो आरोप लगाए हैं, उन्होंने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मामला अब पुलिस जांच और राजनीतिक दबाव के आरोपों के बीच उलझता जा रहा है।



दरअसल, कानपुर की रहने वाली डॉक्टर रूबिया खान ने अपने पति ताजदार आलम और ससुराल पक्ष के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए चकेरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता का दावा है कि शादी के बाद उसकी जिंदगी धीरे-धीरे एक ऐसे दर्दनाक मोड़ पर पहुंच गई, जहां उसे अपने ही रिश्तों से डर लगने लगा। रूबिया के मुताबिक उसकी शादी साल 2021 में बड़े धूमधाम से हुई थी। परिवार ने इस शादी में करीब 50 लाख रुपये खर्च किए थे। शुरुआत में सब कुछ सामान्य दिखाई दिया, लेकिन कुछ ही महीनों बाद रिश्तों में तनाव बढ़ने लगा। रूबिया का आरोप है कि उसका पति किसी दूसरी महिला के साथ संबंध में था और उसी से निकाह करना चाहता था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि शादी के बाद वह दो बार गर्भवती हुई, लेकिन दोनों बार उसके पति ने दवा देकर गर्भ में पल रहे बच्चों की जान ले ली। रूबिया का कहना है कि पहली बार बेटे की मौत के बाद उसकी हालत इतनी खराब हो गई थी कि उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उसने बताया कि जब वह तीसरी बार गर्भवती हुई तो उसे अपनी जान और बच्चे की सुरक्षा का डर सताने लगा। इसी वजह से वह बहाना बनाकर कानपुर स्थित अपने मायके आ गई। यहां उसने एक बेटी को जन्म दिया। रूबिया का आरोप है कि बेटी के जन्म की जानकारी मिलने के बाद उसके पति ने फोन पर बताया कि वह दूसरी शादी कर चुका है। इतना ही नहीं, उसने साथ रहने के लिए दो शर्तें भी रखीं, पहली, रूबिया को सौतन के साथ रहना होगा और दूसरी, मायके से 10 लाख रुपये लाने होंगे। पीड़िता ने कहा कि उसके पति और ससुराल वाले लगातार दहेज की मांग कर रहे थे। कई बार मानसिक और भावनात्मक दबाव बनाया गया। रूबिया के अनुसार, जब उसने इन मांगों का विरोध किया तो उसे प्रताड़ित किया गया। रूबिया के पिता शकील अहमद, जो सेना से रिटायर्ड मेजर हैं, उन्होंने भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उन्होंने बेटी की शादी में अपनी सामर्थ्य से बढ़कर खर्च किया, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष की मांगें खत्म नहीं हुईं। अब उनकी बेटी को दूसरी पत्नी के साथ रहने और 10 लाख रुपये लाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसके ससुराल पक्ष के संबंध संभल के प्रभावशाली राजनीतिक परिवार से हैं। इसी कारण पुलिस कार्रवाई करने से बच रही है। घटना को करीब 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। इससे नाराज पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की मांग की है। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक ऑडियो भी वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि इसमें आरोपी पति एक महिला पुलिस अधिकारी से बहस करता सुनाई दे रहा है। ऑडियो में वह शरीयत का हवाला देते हुए दूसरी शादी को सही ठहराने की कोशिश कर रहा है।

हालांकि वायरल ऑडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। मामले में एसीपी अभिषेक पांडे ने कहा है कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यह मामला कानपुर में चर्चा का विषय बना हुआ है। एक तरफ पीड़िता इंसाफ की गुहार लगा रही है, वहीं दूसरी तरफ पुलिस जांच और वायरल ऑडियो ने पूरे मामले को और ज्यादा संवेदनशील बना दिया है।

# स्वर्णकार समाज ने उपजिलाधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर सोना ना खरीदने की अपील वापिस करने की मांग की

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** तहसील गरौठा के समस्त स्वर्णकार समाज ने उपजिलाधिकारी गरौठा को राष्ट्रपति महोदया , राज्यपाल , प्रधानमंत्री एवं लोकपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर प्रधानमंत्री के द्वारा एक वर्ष तक सोने के आभूषण न खरीदने के सम्बंध में किये गए अपने बक्तव्य घोषणा को वापिस करने की मांग की है।

ज्ञापन में गुरसरांय एवं गरौठा की स्वर्णकार समाज ने लिखा कि स्वर्णकार समाज के पास जीविकोपार्जन का एक मात्र साधन सर्राफा व्यापार है। प्रधानमंत्री के द्वारा एक वर्ष तक देशवासियों से सोना चॉदी न खरीदने की अपील की है। अगर देशवासी सोने चाँदी के आभूषण नही खरीदेगें तो सर्राफा व्यापारी कैसे अपनी जीविकोपार्जन का निर्वहन करेगे। जिससे सर्राफा व्यापारी भूखमरी के कगार पर पहुँच जायेगे। एवं छोटे कारीगर जिनका परिवार प्रतिदिन के आभूषण बनाने से चलते है। वह वर्बाद हो जायेगे। उन्होंने स्वर्णकार समाज के हित को ध्यान में रखते हुये अपने द्वारा दिये गये निर्देश पर विचार करने एवं अपनी अपील को वापिस करने की मांग की। ज्ञापन में विजय सोनी, धर्मेंद्र सोनी बल्ले ,मुकेश सोनी, लक्ष्मीनारायण सोनी,सन्दीप सोनी ,आन्नद सोनी , अशोक सोनी,चंद्रमणि कौशल,योगेश सोनी,प्रेमचन्द्र स्वर्णकार,राजकुमार,कृष्णकुमार, हृदेश,अजय सोनी,रविन्द्र सोनी,आनंद सोनी,जय सोनी,राकेश सोनी,मनोज ,राजेन्द्र,हरदास,चंद्रप्रकाश सोनी ,सुनील सोनी आदि उपस्थित रहे।



# बसपा के नव नियुक्त पदाधिकारियों ने लिया 2027 में मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती जी के निर्देश पर मुख्य मंडल प्रभारी झांसी मंडल चित्रकूट मंडल अखिलेश अंबेडकर व लालाराम अहिरवार की सस्तुति पर जिला कमेटी व विधानसभा कमेटी में निम्न लोगों को लगाया गया।

आज दिनांक 10 मई को नवनियुक्त पदाधिकारी ने कचहरी चौराहे पर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद उनका आशीर्वाद लिया ।और 2027 में बाबा साहब के सपने को साकार करने के लिए 2027 में बहन कुमारी मायावती के नेतृत्व में पांचवीं बार बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया गया।



इस मौके पर जिला अध्यक्ष बी डी फुले,जिला उपाध्यक्ष ठाकुर विपिन सिंह, जिला महासचिव लक्ष्मी नारायण राजपूत, पूर्व बुंदेलखंड प्रभारी कैलाश पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष जयपाल सिंह, झांसी विधानसभा अध्यक्ष चंद्रशेखर पवया, बबीना विधानसभा अध्यक्ष छोटेलाल अहिरवार, पूर्व जिला अध्यक्ष मदन लाल अहिरवार, पूर्व महानगर अध्यक्ष नफीस सानू भाई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय बाजपेई, सुनील मडोरी, महेंद्र चौधरी, महेंद्र डी एम, प्रमोद चाचा, सचिन करारी, आरिफ मंसूरी, रघुवीर पाल, एडवोकेट संतोष पाल, विकास गौतम भोजला,दीपक कुशवाहा, शिवदयाल गौतम,मंगल सेक्टर अध्यक्ष,अनिल फौजी, दीपू गौतम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गरौठा अनिल सरदार, सेक्टर अध्यक्ष राहुल गौतम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष झांसी रविंद्र अहिरवार, संजय श्रीवास, सेक्टर अध्यक्ष राजू कोछाभावर , सेक्टर अध्यक्ष उन्नाव गेट महेंद्र वर्मा, सेक्टर अध्यक्ष जगदीश पुजारी गुदरी,शैंकी यादव, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शोक जताया

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** मुहल्ला मातवाना निवासी – स्व0 पंडित हरीराम विदुआ की धर्मपत्नी एवं पंडित हृदेश विदुआ ( राजू ) की माता जी कमला देवी का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनके निधन पर ब्राम्हण समाज की एक शोक सभा मे पं रामप्रकाश अरजरिया, मेजर अखिलेश पिपरैया, ओ पी शर्मा,ठाकुरदास तिवारी,के के तिवारी,राम बाबू शर्मा,उमाशंकर विदुवा,राम जी विदुआ, जे जे मिश्रा,सुरेन्द्र कुमार मिश्रा,सार्थक नायक,अबधेश पिपरैया,प्रमोद पस्तोर, अश्वनी पस्तोर, शशिभूषण विदुआ,अनुज पस्तोर, अविनाश गोस्वामी,लला शर्मा,डॉ नरेश तिवारी,डॉ रविन्द्र प्रकाश अरजरिया आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया।

## जिला चिकित्सालय में हो रही अवस्थाओं को लेकर कांग्रेसियों ने सीएमओ से की मुलाकात

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष देशराज रिछारिया एवं शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस के एक दल ने सीएमओ से मुलाकात की। उक्त अवसर पर जिला अध्यक्ष देशराज रिछारिया ने कहा कि आज हम लोगों ने सीएमओ से मुलाकात कर जिला चिकित्सालय में हो रही अवस्थाओं को लेकर बात की। सीएमओ ने आश्वासन दिया की जिला स्तर पर हम कोशिश करेंगे की लोग असुविधा से बच सकें।शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि आज हम लोगों ने सीएमओ से मुलाकात कर झांसी जिला चिकित्सालय में हो रही जांचों को लेकर बात की और उनसे कहा कि एक बहुत बड़ा गरीब तबका जिला चिकित्सालय में अपने परिजनों को दिखाने आता है चिकित्सालय में होने वाली जांच ऐसे गरीब परिवारों के लिए निशुल्क की जाए और उनको हर संभव मदद दी जाए।सीएमओ ने हमें यह आश्वासन दिया कि हम आपकी बात शासन तक पहुंचाने का काम करेंगे और कोशिश करेंगे की चिकित्सालय में आने वाले किसी भी इंसान को कोई भी असुविधा न हो।कांग्रेस नेता वैभव बट्टा ने कहा कि हम लोगों ने सीएमओ से मुलाकात कर यह भी कहा कि झांसी में लगभग आधी आबादी के आयुष्मान कार्ड नहीं बने हुए हैं जल्द ही जिला स्तर पर कैंप लगाए जाएं और लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाए। उक्त अवसर पर जिला अध्यक्ष देशराज रिछारिया शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता कांग्रेस नेता वैभव बट्टा मंडल अध्यक्ष बृजमोहन बृजवासी समेत कई लोग मौजूद रहे।

# सूदखोर ने दस वर्षों में वसूल लिए 70 लाख, मन नहीं भरने पर लिखवा दी एफआईआर

### पीड़ित ने आईजी से लगाई न्याय की गुहार

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** सूदखोरी के जकड़ में आज भी कई लोग है, जो अपनी जीवन भर की कमाई गई पूंजी को ब्याज भरते भरते गवा देते है। इसके बावजूद भी सूदखोर का मूल धन नहीं चुकता। जिसके चलते कई लोगों को क्षुब्ध होकर आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाने पड़ते है। ऐसा ही एक पीड़ित परिवार आज आईजी से मिला। जहां उन्होंने शिकायती पत्र देकर बताया कि सूदखोर से दस वर्षों में लिए सात लाख रुपया का सत्तर हजार रुपए दे चुका है, लेकिन उसके बाद भी सूदखोर सौरभ प्रेमनगंज निवासी अभी अपना मूल मांग रहा है। जिसके चलते सूदखोर ने पुलिस प्रशासन को गुमराह कर पीड़ित ओर उसके भाई के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी। पीड़ित ओर उसकी मां ने दर्ज कराई गई एफआईआर में विवेचना अधिकारी द्वारा सही साक्ष्यों को शामिल नहीं करने पर शिकायत कर न्याय की मांग की है।

सोमवार को सीपरी बाजार के प्रेमगंज निवासी पवन चौबे अपनी मां श्रीमती आशा देवी के साथ पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसके घर के पास रहने वाले एक व्यक्ति से काफी पुरानी मित्रता थी। करीब दस वर्षों से उसका लेनदेन चल रहा था। उसका आरोप है कि मित्र से उसने अलग अलग विभिन्न प्रकार से सात लाख रुपया लिया था। जिसका वह 11 हजार कभी बीस हजार रुपया महीना देता रहा। कई बार मित्र द्वारा दबाव डालने पर वह अपनी बहन ओर मां के जेवरात गिरवी रखकर उसे दो लाख तो कभी तीन लाख रुपया दे चुका है। पीड़ित का आरोप है कि इसके वाबजूद भी फर्जी हस्ताक्षर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर पुलिस प्रशासन को गुमराह कर उसके व भाई के खिलाफ थाना सीपरी बाजार में मुकदमा दर्ज करा दिया। पीड़ित का आरोप है कि विवेचना अधिकारी निष्पक्ष जांच नहीं कर रहे है, पीड़ित ने बताया कि जब बैंक से खाते से नकद पांच लाख रुपया सूदखोर ने लिया पुलिस उस बैंक का सीसीटीवी फुटेज नहीं निकाल रही ओर न ही पुलिस झूठी दर्ज कराई गई एफआईआर में उनका मोबाइल का सीडीआर विश्लेषण कर रही। पीड़ित ने मांग करते हुए कहा निष्पक्ष जांच कर सूदखोर से छुटकारा दिलाया जाए।

# कृष्णजन्म की कथा से भक्तिमय हुआ वातावरण

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ग्राम बरौटा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा की चौथे दिन भगवान कृष्ण के जन्म की कथा में श्रोता भाव विभोर होकर जमकर नाचे। भागवत कथा व्यास आचार्य अरविंद शास्त्री परसुवा वालों ने भगवान कृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि नंद एवं यशोदा पूर्व जन्म के द्रोड़ एवं धरा नाम के वसु थे,जिन्होंने तपस्या करके भगवान की बाल लीलाओं के सुख प्राप्त करने का वरदान मांगा था।इसलिए वही निर्गुण ब्रम्ह सगुण कृष्ण अवतार में प्रकट हुआ और ब्रजवासियों को बाल लीलाओं का आनंद प्रदान किया।



भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य राम सेवक शास्त्री ने किया। संगीतमय कथा में ऑर्गन एवं सह गायन पर प्रमोद गोस्वामी एवं बीरेन्द्र सिंह,नाल पर जीतू पैड पर बॉबी ने संगठनकी। भागवत कथा की आरती परीक्षित श्रीमती रामदेवी एवं नरेंद्र पटेल ने की। कथा में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के पुत्र अभिषेक पटेल उपस्थित रहे। कथा में गुढ़ा प्रधान चन्द्रभान सिंह परमार, विजय नन्ना, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कमलेश लंबरदार इमलोटा ,कुलदीप पटेल प्रधान सिंगार,पुष्पेंद्र पटेल, विमलेश पटेल ,अवधेश पटेल , रवि पटेल ,रामकिशुन पटेल ,हर प्रसाद ,देवेंद्र पटेल, नयन पटेल, घनेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक की भूमिका में नजर आए जिलाधिकारी, कक्षा में बच्चों को पढ़ाया पाठ

**-स्कूल में पंजीकरण कराने आई बालिका अंशिका को किया दुलार, भेंट की चॉकलेट**

**-जिलाधिकारी ने कक्षा 06 में गणित के सवाल बोर्ड पर लिखे और हल करना भी सिखाया**



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आज प्रात: 08:30 बजे जिलाधिकारी गौरांग राठी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष सैनी के साथ कम्पोजिट विद्यालय सीपरी बाजार का औचक निरीक्षण किया। वर्तमान में गर्मी के दृष्टिगत बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त विद्यालय प्रात: 07:15 से 11:15 बजे तक संचालित है।

विद्यालय पहुंचते ही सर्वप्रथम निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति के सम्बन्ध में प्रधानाध्यापिका श्रीमती बिल्फीस बेगम से जानकारी प्राप्त की गई, प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में 01 प्रधाध्यापिका, 01 सहायक अध्यापक श्रीमती ज्योत्सना विसेन, 01 शिक्षामित्र श्रीमती कीर्ति शर्मा, 01 अनुदेशक/टेक्निकल इन्सट्रक्र एल.बी.डी. तैनात है एवं विद्यालय में तैनात एक अन्य सहायक अध्यापक अजय चन्देल प्राथमिक विद्यालय ऋषिकुंज में सम्बद्ध है। जिलाधिकारी ने उपस्थिति पंजिका का अवलोकन कर विद्यालय में तैनात अध्यापकगण एवं अन्य स्टाफ की उपस्थित चेक की। उपस्थिति पंजिका के अनुसार विद्यालय में कार्यरत अध्यापकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित पाया गया। पोर्टल पर उपस्थिति अपडेट होने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने पर प्रधानाध्यापिका द्वारा अवगत कराया गया कि सभी की पोर्टल पर उपस्थिति अपडेट की जा चुकी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समस्त अध्यापकगण एवं स्टाफ समय पर उपस्थित होकर विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को उनके पाठ्यक्रम के अनुसार गुणवत्तापरक ढंग से शिक्षा प्रदान करना सुनिश्चित करें। प्रध्यानाध्यापिका द्वारा निरीक्षण के दौरान संज्ञान में लाया गया कि विद्यालय मे जूनियर के अध्यापक नहीं हैं एवं सहायक अध्यापक अजय चन्देल प्राथमिक विद्यालय, ऋषिकुज में सम्बद्ध है। डीएम द्वारा उक्त के सम्बन्ध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के लिये आवश्यक निर्देश निर्गत किये गये। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने विद्यालय में अपना पंजीकरण कराने हेतु इंदिरानगर से अपनी माता के साथ आई बालिका अंशिका को दुलार करते हुए चॉकलेट दी तथा अधिक से अधिक बच्चों का पंजीकरण कराये जाने हेतु प्रधानाध्यापिका को निर्देशित किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने विद्यालय में संचालित कक्षा 06, 07 एवं 08 का निरीक्षण किया। कक्षा 06, 07 एवं 08 की कक्षायें सम्मिलित रूप से संचालित की जा रही थी, जिसके सम्बन्ध में प्रधानाध्यापिका द्वारा बताया गया कि विद्यालय में बच्चे कम संख्या में आये हैं, जिसके कारण कक्षायें सम्मिलित संचालित की जा रही हैं। निरीक्षण करते हुए उन्होंने सर्वप्रथम बच्चों को पोशाक एवं किताबें वितरण की स्थिति के जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय की कक्षा 06 में अध्ययनरत बालिका जायरा खान से विद्यालय की पढ़ाई के सम्बन्ध में स्वयं जानकारी ली एवं वितरित की गई पुस्तकों का अवलोकन किया। कम्पोजिट विद्यालय नगर क्षेत्र सीपरी बाजार का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, तो अवगत कराया गया कि बच्चों के पेयजल व्यवस्था हेतु मल्टीपरपज हैण्डवॉश हैं। निर्देश दिए गए कि वर्तमान में अत्यधिक गर्मी है। अत: बच्चों के लिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर जॉइंट मजिस्ट्रेट आयुष सैनी सहित प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।

# समझौते के अगले ही दिन फिर भड़का विवाद, दबंगों पर घर का दरवाजा तोड़ने और जान से मारने की धमकी का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय ( झाँसी )** गुरसराय नगर के मोहल्ला गांधीनगर में समझौते के अगले ही दिन दो पक्षों के बीच फिर विवाद हो गया। पीड़ित परिवार ने पड़ोसी पर देर रात शराब के नशे में साथियों सहित घर पहुंचकर गाली–गलौज करने, लाठी–डंडों से दरवाजा तोड़ने का प्रयास करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत थाना गुरसराय में की गई है।

मोहल्ला गांधीनगर निवासी अजय वर्मा पुत्र धनप्रसाद द्वारा थाना प्रभारी को दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार उनके पड़ोसी श्रीराम पुत्र दीनदयाल आए दिन अपनी पत्नी से किसी न किसी बात को लेकर घरेलू कलह करता रहता है, जिसका आरोप श्रीराम की पत्नी अजय की छोटी बहिन पर लगाती रहती है, और कहती है की तुम्हारी बजह से मेरे घर मे लड़ाई होती है आरोप है कि इन विवादों को लेकर पहले भी दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था।9 मई 2026 को विवाद बढ़ने पर मामला थाना गुरसराय पहुंचा था, जहां पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया था और भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न करने की बात तय हुई थी। पीड़ित अजय वर्मा का आरोप है कि समझौते के बावजूद 10 मई 2026 की रात करीब 12:30 बजे श्रीराम दो अज्ञात लोगों के साथ शराब के नशे में उनके घर पहुंच गया। आरोपियों ने घर के बाहर खड़े होकर मां–बहन की गंदी गालियां दीं और लाठी–डंडों से घर का दरवाजा पीटकर तोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान घर के बाहर बैठे पालतू कुत्ते को भी डंडा मारने का आरोप लगाया गया है। आपको बताते चले की उक्त घटना की वीडियो प्रार्थी अजय वर्मा ने अपने कैमरे में कैद कर ली वीडियो में युबक गाली गलौज कर जान से मारने धमकी देते हुये स्पष्ट नजर आ रहा है पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना के बाद परिवार में दहशत का माहौल है और पूरी रात भय के कारण परिबार का कोई भी सदस्य सो नहीं सका। आरोप है कि जाते समय आरोपी भविष्य में देख लेने और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए! पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।



मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718